तापमान

अधिकतम 35.2 डिग्री

न्यूनतम 18.1 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 1 मार्च 2025



रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होने के कारण आटो रिक्शा गेट तक नहीं पहुंच रही है। जिसके कारण यात्री पैदल ही प्लेटफार्म पहुंच रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### आईटीआई कोनी में प्लेसमेंट कैंप आज

**बिलासपुर।** आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडियन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 1 मार्च को सुबह 10 बजे से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया है। कैंप में मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक आईटीआई पास 18 से 26 वर्षीय पुरुष अभ्यर्थी ही भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 10वीं, 12वीं, आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि दस्तावेजों के मूल एवं छायाप्रति सहित 4 पासपोर्ट फोटो के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

### अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन कल

**बिलासपुर।** जिला नारायणपुर में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला प्रशासन, जिला पुलिस नारायणपुर एवं अन्य संस्थानों के सहयोग से 2 मार्च को सुबह 5 बजे अबूझमाड़ महोत्सव के तहत अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन 2025 का आयोजन हाई स्कूल ग्राउंड नारायणपुर में किया गया है। मैराथम में राज्य एवं देश-विदेश से धावक भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीयन शुल्क 299 रुपए के साथ वेबसाईड runabhujhmad.in पर पंजीयन कर सकते हैं। आयोजन में 15.85 लाख से अधिक की पुरस्कार राशि, विशेष मेडल व प्रमाण पत्र दिया जाएगा। मैराथन में भाग लेने वाले धावकों को आवास, भोजन, टी-शर्ट, आरएफआईडी युक्त चेस्ट नंबर, वेलकम किट निःशुल्क दिया जाएगा।

# मेयर ने संप्रभुता की जगह पढ़ा सांप्रदायिकता, दोबारा ली शपथ

## शहर की 12वीं महापौर बनीं पूजा, कार्यक्रम में नहीं पहुंचे मुख्यमंत्री




मुंगेली नाका स्थित मैदान में नई शहर सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित भाजपा के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कमियों और अव्यवस्थाओं के बीच नई शहर सरकार का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को पूरा कराया गया। मुंगेली नाका मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आना था, लेकिन वे नहीं पहुंचे तो उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू की उपस्थिति में महापौर पूजा विधानी और 70 वार्डों के नव निर्वाचित पार्षदों ने शपथ ली।

कलेक्टर ने सबसे पहले महापौर को शपथ दिलाई। उसके बाद पार्षदों को 10-10 के समूह में शपथ दिलाई गई। शपथ लेते समय नवनिर्वाचित मेयर एल पद्मजा ने गलतियां की इसलिए उन्हें दोबारा शपथ के लिए बुलाया गया। शपथ ग्रहण उपरांत महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू, नगर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह और बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के साथ विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। श्रीमती पूजा विधानी शहर की 12 वीं और दूसरी महिला महापौर बनी हैं। ध्यान रहे कि 10 साल पहले श्रीमती वाणीराव पहली बार महिला मेयर निर्वाचित हुईं थीं। इस निगम चुनाव की बात करें तो नगर निगम के 70 वार्डों में हुए चुनाव में 49 वार्डों में भाजपा के पार्षदों ने जीत हासिल की है। वहीं, 18 वार्डों में ही कांग्रेस प्रत्याशी सफल हो सके, जबकि 3 निर्दलीय पार्षदों ने जीत दर्ज की है। शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला भी शामिल हुए।

### फिसल गई जुबान...



महापौर पूजा विधानी की शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जुबान फिसल गई। विधानी को भारत की संप्रभुता कहना था, लेकिन उन्होंने गलती से 'सांप्रदायिकता' पढ़ दिया। शपथ लेने के दौरान जब वह लाइन पढ़ रहीं थीं तो उन्होंने कहा कि मैं पूजा विधानी भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूंगी। मैं भारत की 'सांप्रदायिकता' और अखंडता को अक्षुण्ण रखूंगी। जबकि 'सांप्रदायिकता की जगह उन्हें संप्रभुता कहना था। 'सांप्रदायिकता' पढ़ते ही मंच पर मौजूद कुछ लोग रोकते-टोकते भी रहे, लेकिन भारी शोर के बीच शायद पूजा विधानी को सुनाई नहीं दिया। इसे गलत तरीके से पढ़ने के बाद उन्हें दोबारा शपथ दिलाई गई।

### शहर का विकास होगा योजनाबद्ध तरीके से

नई शहर सरकार का शपथ ग्रहण कराया गया है। इसके साथ ही महापौर और सभी 70 पार्षद अपने काम पर लग जाएंगे। बिलासपुर का विकास तेजी से हो इसके लिए ट्रिपल इंजन की सरकार योजनाबध्द तरीके से काम करेगी। किसी भी मामले में आरोप लगाने से पहले कांग्रेस को अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। कांग्रेस के पास कुछ नहीं बचा है तो अब सिर्फ दोषारोपण और आरोपों का खेल खेल रही है।

**- तोखन साहू,** केन्द्रीय राज्य मंत्री

### उम्मीदों पर खरा उतरना हमारी जिम्मेदारी

शहर की जनता ने भाजपा के हाथों में सत्ता सौंपी है। जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना हमारी जिम्मेदारी है। शहर विकास के लिए योजना बनाकर काम किया जाएगा। दलगत राजनीति से उपर उठकर जिन वार्डों में भाजपा पार्षद नहीं है वहां भी सबको साथ लेकर काम किया जाएगा। होली से पहले एमआईसी का गठन करने के साथ ही सभापति का चुनाव भी कर लिया जाएगा। अरपा नदी को संरक्षित करने के लिए विधानसभा में भी चर्चा हुई है।

**- अमर अग्रवाल,** शहर विधायक

### शहर को साफ-सुंदर और विकसित बनाएंगे

जनता के आर्शीवाद से बिलासपुर नगर निगम में भाजपा की जीत हुई है। अब यह हमारी जिम्मेदारी है कि शहर को साफ सुंदर और विकसित बनाएं।

**- धर्मजीत सिंह,** तखतपुर विधायक

### पार्षदों की शपथ किसी की समझ नहीं आई

महापौर के बाद 70 पार्षदों को कलेक्टर अवनीश शरण ने 10-10 के समूह में शपथ ग्रहण कराया। इस दौरान पार्षदों ने जमकर गलतियां की। सामने बैठी भीड़ को समझ में नहीं आया कि आखिर पार्षद पढ़ क्या रहे हैं। यद्यपि कलेक्टर ने बार बार पार्षदों को दिशा निर्देश दिया। इस तरह शपथ ग्रहण समारोह भारी अव्यवस्था के बीच संपन्न हुआ।

### कार्यक्रम खत्म होते ही निकले अतिथि

जैसा कि होता है कि बड़े कार्यक्रमों के बाद अतिथि पत्रकारों से संवाद करते हैं। लेकिन इस बार ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। क्योंकि अतिथियों को पता था कि उनके सामने ही शपथ ग्रहण समारोह में भारी अव्यवस्था नजर आई है। कहीं व्यवस्था को लेकर सवाल का सामना नहीं करना पड़ जाए, इसलिए सभी अतिथि मंच से उतरकर पत्रकारों से बिना बातचीत किए चल दिए। बताया गया कि विधानसभा सत्र चल रहा है इसलिए बातचीत करना संभव नहीं।

### डिप्टी सीएम की मौजूदगी में शपथ

ध्यान रहे कि शुक्रवार की सुबह 11 बजे से मुंगेली नाका मैदान में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। इस दौरान डिप्टी सीएम अरुण साव, केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू भी मौजूद थे। वहीं शपथ ग्रहण के बाद बिलासपुर नगर निगम का गंगाजल से शुद्धिकरण किया गया। पूजा विधानी ने पूजा अर्चना की। गंगाजल छिड़ककर महापौर की कुर्सी पर बैठी। इस दौरान उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का भूत हटाने के लिए शुद्धिकरण किया गया है। पूजा विधानी नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रहे अशोक विधानी की पत्नी हैं। वे 1996 से भाजपा की सक्रिय सदस्य हैं। 1998 में पहली बार पार्षद बनीं। महिला मोर्चा में 2 बार प्रदेश महामंत्री रहीं। वे महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष भी रहीं हैं।

### 12वीं और दूसरी महिला महापौर बनीं

श्रीमती पूजा विधानी शहर की 12 वीं और दूसरी महिला महापौर बनीं हैं। 2009 में वाणी राव शहर की पहली महिला मेयर निर्वाचित हुई थी। तब वो कांग्रेस में थीं, लेकिन अब भाजपा में शामिल हो गईं हैं। इससे पहले निगम में अब तक 11 महापौर बने हैं। इसमें 7 बार कांग्रेस तो 4 बार भाजपा के मेयर रहे। पूजा विधानी अब भाजपा से पांचवीं मेयर हैं।

# नशे में पहुंचे चुनाव ड्यूटी पर, दो हुए निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने दो शासकीय कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। इसमें जलसंसाधन विभाग के सहायक अभियंता पौलुस बड़ा एवं सहायक शिक्षक विजय कुमार केने शामिल हैं। दोनों निर्वाचन कार्य के दौरान नशे की हालत में पाए गए। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत प्रथम चरण में जनपद पंचायत मस्तूरी में 17 फरवरी को मतदान दिवस में सहायक अभियंता (सेक्टर अधिकारी) पौलुस बड़ा द्वारा शराब का सेवन कर सेक्टर अधिकारी के कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही बरती गई। जिससे मतदान का कार्य प्रभावित हुआ। उनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 एवं 23 के प्रतिकूल होने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में पौलुस बड़ा का मुख्यालय मुख्य अभियंता हसदेव कछार जल संसाधन विभाग बिलासपुर नियत किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

- इंजीनियर शिक्षक पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

इसी प्रकार नगर पालिका आम निर्वाचन के तहत नगर पालिक निगम बिलासपुर में मतदान कराने शासकीय प्राथमिक शाला कड़ार के सहायक शिक्षक विजय कुमार केने को मतदान अधिकारी 2 नियुक्त किया गया था। 10 फरवरी को मतदान सामग्री वितरण के दौरान विजय कुमार केने मदिरा पान कर नशे की हालत में पाए गए। लोक सेवक के रूप में विजय कुमार केने का यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 23 के प्रतिकूल होने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में श्री केने का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बिल्हा नियत किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# जादू-टोना के शक में युवक की पिटाई से मौत, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



- वायरल वीडियो में कोड़े से मारे जाने की बात आई सामने।
- पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज किया, पीएम रिपोर्ट के बाद जुड़ेगी हत्या की धारा।

अंधविश्वास का खौफनाक मामला सामने आया है। मस्तूरी में जादू-टोना के शक में युवक की बेरहमी से पिटाई उसके ही परिजनों ने कर दी गई, जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसके बाद पुलिस भी हरकत में आई और आरोपियों को गिरफ्तार कर हिरासत में ले लिया गया है।

जानकारी के अनुसार, घटना 12 फरवरी की है, चुनावी शराब पीने के बाद सरोज खांडेकर शराब के नशे में था, तभी उसके परिवार वालों ने उस पर जादू-टोना होने का आरोप लगाकर भूत उतारने उसकी पिटाई शुरू कर दी। इस घटना का वीडियो वायरल हो गया। परिजनों ने युवक की पिटाई करने के लिए कोर्रा का इस्तेमाल किया। युवक बार-बार बचने की कोशिश कर रहा है, लेकिन उसके पिता और भाई मिलकर उसे कोड़े और बांस से बेरहमी से मारते रहे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी पिता और तीन भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। इस निर्मम घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है और लोगों में आक्रोश है। पुलिस का कहना है कि घटना के पीछे अंधविश्वास की गहरी जड़ें हैं, जो समाज में अब भी मौजूद हैं। पुलिस ने मृतक का पीएम कराया है, लेकिन रिपोर्ट नहीं मिल सकी है। फिलहाल विडियो के आधार पर आरोपियों पर मारपीट करने का मामला बनाया गया है, पीएम रिपोर्ट के बाद आरोपियों पर हत्या की धारा जोड़ी जाएगी।

## संभागायुक्त कावरे बनाए गए प्रभारी कुलपति

# 10 साल एक माह के बाद ओपन यूनिवर्सिटी कुलपति प्रो. सिंह का कार्यकाल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के प्रभारी कुलपति बिलासपुर संभागायुक्त महादेव कावरे को बनाया गया है। वर्तमान कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह का कार्यकाल 2 मार्च को समाप्त हो रहा है। प्रो. सिंह ओपन यूनिवर्सिटी में दो टर्म कुलपति रहे और उनका कार्यकाल काफी लंबा लगभग 10 साल एक माह रहा।

पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन विश्वविद्यालय प्रदेश का एकमात्र राजकीय मुक्त विश्वविद्यालय है, जहां दूरस्थ माध्यम से शिक्षा दी जाती है और डिग्री प्रदान की जाती है। यहां कुलपति की नियुक्ति पांच वर्ष के लिए होती है। वर्तमान कुलपति, प्रो. बंश गोपाल सिंह का पांच वर्ष का कार्यकाल 2 मार्च को समाप्त होने जा रहा है। प्रो. सिंह का यह ओपन विश्वविद्यालय में कुलपति के रूप में दूसरा कार्यकाल था। पहली बार उन्होंने फरवरी 2015 में विश्वविद्यालय के कुलपति पद की जिम्मेदारी संभाली थी और मार्च 2020 में उनका कार्यकाल समाप्त होने के बाद एक माह का उन्हें एक्सटेंशन मिला था। इसके बाद उन्हें ओपन विश्वविद्यालय में पुनः कुलपति पद पर नियुक्त किया गया था जो 2 मार्च 2025 में समाप्त हो रहा है। दो टर्म मिलाकर प्रो. सिंह ओपन यूनिवर्सिटी में 10 साल एक माह कुलपति पद पर रहें और ओपन यूनिवर्सिटी में उनका सबसे लंबा कार्यकाल रहा। कुलपति चयन समिति के लिए ओपन विश्वविद्यालय के कार्य परिषद की ओर से अपने एक प्रतिनिधि का नाम राजभवन को पहले ही भेजा जा चुका है।

### अनुभव अच्छा रहा

ओपन यूनिवर्सिटी में कुलपति के रूप में यह मेरा दूसरा कार्यकाल था जो अब समाप्त हो रहा है। इस दौरान ओपन यूनिवर्सिटी में कुलपति के रूप में कार्यकाल और अनुभव काफी अच्छा रहा। बिलासपुर संभागायुक्त को प्रभारी कुलपति बनाए जाने का आदेश हो गया है।

**- प्रो. बंश गोपाल सिंह**
कुलपति, ओपन यूनिवर्सिटी

आज से भव्य शुभारंभ
"इस सीजन की पहली सेल"
FLAT 90% फैक्ट्री आउटलेट डिस्काउंट
छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सेल सिर्फ 3 दिनों के लिए : 1, 2 व 3 मार्च '2025
रायपुर के पंडरी होलसेल मार्केट के 10 शोरूम बंद हुए.
इन बंद हुए शोरूमों का फ्रेश माल बिलासपुर के श्री जगन्नाथ मंगलम भवन में बेचा जायेगा
बड़े से बड़े ब्रांडों के गारमेन्ट्स इन रेटों पर बिक्री किये जायेंगें
800 से 2500 रु. तक में बिकने वाले मेन्स गारमेन्ट्स मात्र 150/- से 550/-में
700 से 1900 रु. तक में बिकने वाले लेडिस गारमेन्ट्स मात्र 100/- से 350/- में
600 से 1500 रु. तक में बिकने वाले किड्स गारमेन्ट्स मात्र 100/- से 450/- में
जेंट्स टी-शर्ट 250/-
कैजुअल शर्ट 150/-
जेंट्स जीन्स 250/-
जेंट्स लोअर बरमूडा 200/-
बेबी सूट बाबा सूट 200/-
लेडिस वेस्टर्न टॉप 100/-
लेडीज लोअर प्लाज़ो 100/-
लेडीज़ स्कर्ट कैप्री 200/-
फैंसी कॉटन कुर्ती 200/-
बेबी जीन्स 200/-
बच्चा टी-शर्ट 100/-
बच्चा शर्ट 100/-
बच्चा लोअर 150/-
बेबी टॉप 100/-
बच्चा फ्रॉक 250/-
900/- से 1800/- वाली लेडिस वन पीस, लेडिस फैंसी कुर्ती, पार्टीवेयर कुर्ती, फैंसी साड़ी एवं कॉटन साड़ी ₹ 200/- to 350/-
ORIGINAL SHIRTS Official, Party Wear, Casual Wear MRP ~~900/- to 1500/-~~ Only ₹350/-
BRANDED KURTI MRP ~~900/- to 1860/-~~ ₹ 200 to 350/-
Branded Jeans & Trousers 2 Pcs Only ₹ 900/-
BRA & INNER ₹50/-
BRANDED T-SHIRTS MRP ~~900~~/- to ~~1500~~/- ₹ 250/-
Western Top & Jeans MRP ~~1500/- to 2500/-~~ ₹ 100/- to 350/-
KIDSWEAR UNLIMITED STOCK 100/- TO 450/-
इतनी कम कीमतों पर बिक्री की जायेगी कि बिलासपुर की जनता ने कल्पना भी नहीं की होगी.
स्थान: समय- प्रातः 10 से रात्रि 10 बजे तक
श्री जगन्नाथ मंगलम आनन्द होटल के बाजू, पुराना बस स्टैण्ड रोड, बिलासपुर
sumit

28 FEB- BSP-PG-2_Layout 1 3/1/2025 12:54 AM Page 1



**खबर संक्षेप**

### सेमेस्टर की बैक एग्जाम एटीकेटी 5 से

**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेमेस्टर की बैक एग्जाम एटीकेटी की परीक्षा 5 मार्च से प्रारंभ होगी। इसके लिए संबंधित विषय की छात्राएं अपना आवनेदन आन लाइन 3 मार्च तक भर सकती हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति लागू होने के पूर्व 2021-22 में अध्यनरत समस्त तृतीय सेमेस्टर, चतुर्थ सेमेस्टर, पंचम सेमेस्टर एवं छठवां सेमेस्टर एवं नई शिक्षा नीति में अध्यनरत छात्राओं की प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय सेमेस्टर, तृतीय सेमेस्टर की बैक एग्जाम एटीकेटी 5 मार्च से होगी। जिसमें संबंधित छात्राएं महाविद्यालय की वेबसाइट में जाकर ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म 3 मार्च तक भर सकती हैं।

### रेडक्रास के सदस्यों ने ली शपथ, रैली आज

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण की अध्यक्षता में 28 फरवरी को रेडक्रास प्रबंधन समिति की बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई। कलेक्टर ने नव निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कलेक्टर ने बताया कि 1 से 7 मार्च तक जनऔषधि सप्ताह मनाया जाएगा। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, अतिरिक्त कलेक्टर शिव कुमार बनर्जी, सीएमएचओ डॉ. प्रमोद महाजन, अरूण सिंह चौहान, रेडक्रास सोसायटी के समन्वयक सौरभ सक्सेना, सैय्यद जफर अली, डॉ. बीएल गोयल, प्रमोद शर्मा, डॉ. प्रवीण पाण्डेय सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। कलेक्टर श्री शरण ने कहा कि इस वर्ष भी जनऔषधि सप्ताह का आयोजन 1 से 7 मार्च तक किया जा रहा है। 1 मार्च को शाम 6 बजे से 7 बजे तक जिला अस्पताल से सिम्स अस्पताल तक पदयात्रा रैली निकाली जाएगी। 2 मार्च को कम्पनी गार्डन में सुबह 6.30 से 8.30 बजे तक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया जाएगा।

केन्द्रीय बजट पर राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बुद्धिजीवियों से की चर्चा

# यह बजट भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए आधारभूत संरचना है: शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्र सरकार द्वारा जारी किए गए बजट 2050 पर चर्चा करने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला का आज बिलासपुर नगर आगमन हुआ। उन्होंने शहर के बुद्धिजीवियों से मुलाकात कर बजट पर भारत सरकार का पक्ष रखा।

- राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बुद्धिजीवियों को गिनाई केन्द्रीय बजट की उपलब्धियां

होटल ग्रैंड अम्बा में आयोजित बुद्धिजीवी और व्यापारी संघ से मुलाकात कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता भारत सरकार द्वारा पारित बजट 2025 की विशेषताओं का उल्लेख किया। भारत सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू की उपस्थिति में श्री शुक्ला ने बताया कि यह बजट भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए आधारभूत संरचना के रूप में लिया गया है। मोदी सरकार की 2014 से 2025 तक इस ग्यारह वर्षों के गवर्नेंस के मूल में इण्डिया फर्स्ट की अवधारणा रही है। पहले भारत और भारत माता के सपूतों की चिंता करना देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योजना में समाज का अंतिम व्यक्ति केन्द्र में है। उन्होंने देश की 80% आबादी के चूल्हों तक राशन पहुंचाने की मिसाल कायम की। इस बजट में एक ओर मध्यमवर्गीय लोगों को आयकर में 12 लाख 50 हजार तक के स्लैब में छूट देकर बड़ी राहत देने का काम किया है। वहीं गरीब वंचित लोगों के शिक्षा स्वास्थ्य चिकित्सा और आवास की भी चिंता की गई है। हमारे बजट का प्रमुख सूत्र है इसमें गरीब युवा अन्नदाता और नारी को मूल में रखा गया है।



पत्रकारों से चर्चा करते भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का कहना है कि नरेन्द्र मोदी के पिछले सात वर्षों के कार्यकाल में 28% लोग ग़रीबी रेखा से ऊपर आए हैं। जिसका लाभ केवल गरीबों को ही नहीं अपितु देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है। उनकी क्रय शक्ति से देश के उद्यमी व्यवसाई व्यापारियों को सीधा लाभ हुआ है। पिछले कांग्रेस की कार्यकाल में जब एक अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह देश का कमान संभाल रहे थे, तब हमारी अर्थव्यवस्था को विश्व ने फ्रेजाईल फ़ाइल में रखा हुआ था यानि दुनिया की सबसे खराब अर्थव्यवस्था। आज मोदी ने 12 लाख करोड़ रुपए की कैपिटल स्पेनडिचर का प्रावधान करके अर्थव्यवस्था को गति दे रहे हैं।

बुद्धिजीवी व्यापारी सम्मेलन में प्रदेश मीडिया विभाग प्रमुख अमित चिमनानी, पूर्व सांसद लखन साहू, पूर्व विधायक रजनीश कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, दीपक सिंह, अरुण सिंह चौहान, गुलशन ऋषि, प्रणव शर्मा समदरिया, श्याम पाठक, हरीश केडिया, अनिल सलूजा, धनराज सलूजा, नवदीप अरोड़ा, सोहेल हक, संजय मित्तल, राकेश मिश्रा, विष्णु सोनी, अमित अग्रवाल, जितेंद्र सोनी, अमरजीत दुआ, कमल सोनी, मनीष पूजा, नितिन छाबड़ा सहित व्यापारी वकील डॉक्टर चार्टर्ड अकाउंटेंट साहित्यकार वर्ग के लोग शामिल थे।

# केन्द्रीय बजट में छग को बड़ा लाभ

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने शुक्रवार को केन्द्रीय बजट को लेकर भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय बजट विकसित भारत के विजन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। यह वर्ष 2047 विकसित भारत का रोडमैप है। आज हम विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और बहुत जल्द तीसरे स्थान पर पहुंच जाएंगे।

- विकसित भारत के विजन को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने बताया कि केन्द्रीय बजट में छत्तीसगढ़ को बड़ा लाभ हुआ है। छत्तीसगढ़ के 75 लाख आदिवासियों, 27 लाख किसानों, 12 लाख सामान्य व्यापारी, 10 एमएसएमई व्यापारी, 10 लाख युवाओं व लाखों एससी-एसटी की महिलाओं को बजट से सीधा लाभ हो रहा है।

उन्होंने बताया कि देश के 92 प्रतिशत टैक्स पेयर्स की इनकम टैक्स देनदारी जीरो हो गई है और एक प्रकार से भारत लगभग इनकम टैक्स मुक्त हो गया है। छत्तीसगढ़ के लगभग 12 लाख लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दी गई है। छत्तीसगढ़ के 27 लाख किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। केन्द्रीय करों से छत्तीसगढ़ को अनुमानित 41 हजार, 557 करोड़ की राशि मिलनी थी लेकिन 43 हजार 409 करोड़ मिलेगी और अगले वर्ष इससे भी ज्यादा राशि 48 हजार 463 करोड़ की राशि केन्द्र से छत्तीसगढ़ को मिलेगी।

श्री शुक्ला ने बताया कि शहरों के पुनर्विकास के लिए 1 लाख करोड़ का प्रावधान है। छत्तीसगढ़ के कई शहरों को इसका सीधा लाभ होगा। सभी जिला अस्पतालों में कैंसर का ईलाज, दवाई पूरी तरह कस्टम डयूटी से मुक्त होगा। इसके अलावा धरती आबा जनजातीय उत्कृट अभियान के तहत आदिवासी बहुल गांवों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, शिक्षा स्वास्थ्य और आंगनबाड़ी सुविधाओं को मजबूत करने और आजीविका के अवसर बढ़ाने के लिए विशेष योजना है। छत्तीसगढ़ में रहने वाले लगभग आधी आबादी को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू,अमित चिमनानी, पूर्व सांसद लखन साहू, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, दीपक सिंह, मोहित जायसवाल, गुलशन ऋषि, प्रणव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# महिला उद्यमी सशक्तिकरण पर विशेषज्ञों ने दिए सुझाव

**बिलासपुर।** महिला उद्यमियों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक, छग कार्यालय ने 'वित्तीय समझदारी समृद्ध नारी' की विषयवस्तु पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

प्रार्थना सभा भवन में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय रिज़र्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक दीपेश तिवारी, प्रबंधक दिग्विजय राऊत, सहायक आरबीआई आकाश सिंघल, जिला प्रबंधक एसबीआई दिनेश उरांव अग्रणी एवं एसबीआई और एफ एल सी एस एम देशकर, हितेश मिश्र ने बिलासपुर क्षेत्र की महिला उद्यमियों के लिए आधारभूत बैंकिंग, फ्रॉड से बचाव, डिजिटल साइबर हायजीन, शिकायत निवारण प्रणाली पर सत्र लिए। एसबीआई के उप महाप्रबंधक आलोक रंजन एवं पंजाब नेशनल बैंक के उप महाप्रबंधक जगदीश राय ने महिला उद्यमी सशक्तिकरण पर अपने विचार



व्यक्त किए। जिला उद्योग केंद्र के मुख्य महाप्रबंधक एम एल कुसरे ने नई उद्योग नीति एवं महिलाओं के लिए विशिष्ट प्रावधानों पर महिला उद्यमियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में कामयाब महिला उद्यमी प्रीतमा वस्त्रकार, सपना सराफ़ पैड दीदी, पिंकी शर्मा पहली महिला ड्राइविंग स्कूल की अध्यक्ष एवं विभिन्न उद्यमों से जुड़ी 126 से अधिक महिलाएं बैंक अधिकारी, सी एफ एल समर्पित के काउंसलर, आर्सेटी के डायरेक्टर एवं स्टाफ उपस्थित थे। अंत में भारतीय स्टेट बैंक, यूनियन बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, कैनरा बैंक, के क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ एक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित हुआ।

# समाज के हर क्षेत्र में विज्ञान की आवश्यकता: कलेक्टर

**बिलासपुर।** प्रसिद्ध भौतिक वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन की स्मृति में जिला स्तरीय विज्ञान दिवस का आयोजन शुक्रवार को माउंट लिटेरा स्कूल उसलापुर में किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर अवनीश शरण शामिल हुए। इस अवसर पर शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय कोनी के प्रो. अवनीश उपाध्याय, शासकीय ई. राघवेन्द्र राव विज्ञान महाविद्यालय के प्रो. अविनाश पाण्डेय मौजूद थे।




कलेक्टर ने दैनिक जीवन में विज्ञान की महत्ता को रेखांकित करते हुए आने वाले समय में समाज के हर क्षेत्र में विज्ञान की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. अवनीश उपाध्याय द्वारा प्रसिद्ध भौतिक वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन की जीवनी एवं उनके द्वारा भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में किए गए खोज के बारे में जानकारी दी। इस कार्य में सहभगिता एवं विज्ञान विषय के प्रभावी अध्यापन तथा किए गए उल्लेखनीय कार्यों के फलस्वरूप जिले के 40 व्याख्याताओं को सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग, छग साइंस सेंटर तथा छग विज्ञान एवं प्रौद्यागिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर डीईओ अनिल तिवारी, डॉ. संजना तिवारी भी मौजूद थीं। इस अवसर पर विज्ञान दिवस के आयोजन का उद्देश्य समाज में विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है ताकि भावी पीढ़ी में वैज्ञानिक दृष्टिकोणों का विकास हो सके। विद्यार्थी तथा शिक्षक शोध एवं नवाचार में अपना योगदान प्रदान कर सकें। इस अवसर पर अतिथियों को सम्मानित किया गया।



28 FEB- BSP-PG-3_Layout 1 3/1/2025 12:51 AM Page 1



### सीएमडी महाविद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव-2025 का शुभारंभ

# छात्र शिक्षित बनकर समाज को करें रौशनः तोखन



वार्षिकोत्सव के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सी एमडी महाविद्यालय में 28 फरवरी को तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 2025 का रंगारंग शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू थे। विशिष्ट अतिथि मेयर पूजा विधानी, शासी निकाय के उपाध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी, सदस्य अमन दुबे थे। मुख्य अतिथि श्री साहू तथा विशिष्ट अतिथियों का प्रशासकीय समिति के अध्यक्ष डा. संजय दुबे, प्राचार्य डॉ संजय सिंह, एवं बीएड प्राचार्या अंजलि चतुर्वेदी , प्रभारी राजकुमार पंडा ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्री साहू ने छात्र-छात्राओं को संदेश दिया कि आप सब दीपक हैं। जिस प्रकार एक दीपक से हजारों दीपक जलाए जा सकते हैं वैसे ही आप समाज के दीपक हैं। पढ़े लिखे हमारे यहां पर उच्च शिक्षा को प्राप्त करने वाले हमारे सभी भाई-बहन यहां पर उपस्थित हैं मैं सबको हार्दिक बधाई देता हूं।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का श्री गणेश प्रयास निकेतन द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से किया गया। प्रगति निकेतन द्वारा गणेश वंदना नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी नृत्य, गरबा नृत्य, एकल एवं समूह नृत्य, नृत्य नाटिका आदि का अत्यंत सुंदर प्रस्तुतीकरण किया। इस कार्यक्रम में कामना पल्लवी, ममता यामिनी, निशा काजल, अन्नपूर्णा, रचना, प्रीति, उत्तर, प्रतिभा, स्वाति, पूर्णिमा, समीक्षा, दिनेश, रूपमाला आदि ने मनमोहक प्रस्तुति दी।

## उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने पूर्वजों ने की थी कॉलेज की स्थापना



केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को स्मृति चिंह भेंट करते सीएमडी कॉलेज के चेयरमैन।

सीएमडी कालेज के चेयरमैन डॉ संजय दुबे ने कहा कि उनके पूर्वजों द्वारा छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा का बढ़ावा देने के लिए इस महाविद्यालय की स्थापना 1956 में की थी। उन्हीं के आशीर्वाद से मैं इस कार्य को संपादित कर रहा हूं। महाविद्यालय को लगभग 70 वर्ष पूर्ण कर चुका हैं। प्रदेश में मुख्य महाविद्यालय के रूप में स्थापित है। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए संपूर्ण ध्यान रखा जाता है। अध्ययन अध्यापन के साथ खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे गतिविधियों का आयोजन करके छात्र-छात्राओं को सर्वांगीण विकास करने का अवसर मिलता है। शासी निकाय उपाध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी ने ने भी संबोधित किया।

## सीएमडी कॉलेज छग का प्राचीन व प्रसिद्ध महाविद्यालयः विधानी

नगर की नवनिर्वाचित महापौर पूजा विधान ने छात्र-छात्राओं से कहा कि आज का दिन मेरे लिए बहुत ही खास है क्योंकि आज ही मैं महापौर के पद की शपथ ली है और शपथ के पश्चात यह मेरा पहला कार्यक्रम है। जिसमें मैं शामिल होने आई हूं। आज का यह कार्यक्रम बहुत ही शानदार कार्यक्रम है। कार्यक्रम में अतिथियों को शासी निकाय अध्यक्ष डॉ दुबे एवं प्राचार्य डॉ संजय सिंह ने स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

# सुपर सिक्सेस मैच में पहुंचे तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वाईसीसीसीआई सुपर सिक्सेस सीजन-6 के दूसरे दिन जबरदस्त मुकाबला हुआ। प्रिंस भाटिया ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्हें केन्द्रीय मंत्री ने मैन आफ द मैच अवार्ड देकर सम्मानित किया। क्रिकेट के इस आयोजन में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

- प्रिंस भाटिया को दिया गया मैन आफ द मैच अवार्ड

वाईसीसीसीआई सुपर सिक्सेस सीजन-6 में क्रिकेट प्रेमियों के लिए आज का दिन बेहद खास रहा। इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रिंस भाटिया के शानदार प्रदर्शन ने सबका दिल जीत लिया। उन्होंने बेहतरीन बैटिंग और जबरदस्त गेंदबाजी करते हुए अपने टीम को विजयी दिलाई। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू ने प्रिंस भाटिया को मैन आफ द मैच का अवार्ड देकर सम्मानित किया। केन्द्रीय मंत्री की उपस्थिति ने क्रिकेट प्रेमियों का हौसला और बढ़ा दिया। पूरे मैदान में जोश और ऊर्जा की लहर दौड़ गई। वाईसीसीसीआई सुपर सिक्सेस सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं बल्कि क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक त्योहार बन चुका है। यहां हर दिन नए-नए खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं।





मैच के दौरान पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू।

## उद्घाटन मैच रहा रोमांचक

व्यापारियों के अपने क्रिकेट टूर्नामेंट सुपर सिक्सेस सीजन-6 का शानदार आगाज 27 फरवरी को मिनी स्टेडियम में किया गया। इस उद्घाटन नवनिर्वाचित मेयर पूजा विधान के कर कमलों से किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स के अजय भसीन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। प्रतियोगिता का पहला मैच श्रीजी की टीम बनाम वाधवानी वारियर्स के बीच खेला गया। इसमें श्रीजी की टीम ने 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। वहीं दूसरा मैच पौष्टिकम बनाम कॉमिक्स मास्टर के बीच खेला गया इसमें कॉमिक्स मास्टर ने 6 विकेट से जीत दर्ज की। तीसरा मैचमेगा विडोज बनाम हनुमान योद्धा के बीच हुआ, इसमें हनुमान योद्धा को 38 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इसी तरह चौथा मैच ग्वालानी लीजेंड्स बनाम जेजेए किंग्स के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला इसमें ग्वालानी लीजेंड्स ने एक रन से जीत हासिल की। टूर्नामेंट आने वाले दिनों में और भी रोमांचक होने की उम्मीद हैं।

## सिंधू अमर धाम आश्रम झूलेलाल ने किया नव निर्वाचित प्रतिनिधियों का सम्मान



**बिलासपुर।** सिंधु अमर धाम आश्रम झूलेलाल मंदिर चकरभाठा में नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। नगरीय निकायों में समाज के नव निर्वाचित प्रतिनिधि महापौर पूजा विधानी,नव निर्मित नगर पालिका परिषद बोदरी की प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा, पार्षद निर्वाचित विजय वर्मा, पार्षद कंचन वाधवानी, रायपुर पार्षद अमर गिदवानी का सम्मान संत श्री लाल साई द्वारा किया गया । इस अवसर पर विधायक अमर अग्रवाल, विधायक धरम लाल कौशिक, अमित चिमनानी, अशोक विधानी, धनराज आहूजा, कैलाश बलानी, विनीता भावनानी, प्राची सजनानी, अंजलि रोचवानी प्रकाश जेसवानी आदि मौजूद थे।

### बिजनेस प्लस

## मित्तल फर्नीचर में 20 प्रतिशत की छूट मैरिज पैकेज की खरीदी पर विशेष आफर



**बिलासपुर।** रिंग रोड नंबर 2 अमेरी चौक मित्तल फर्नीचर शोरूम के संचालक संजय मित्तल एवं पवन मित्तल ने बताया कि फर्नीचरों की खरीदी पर 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया मैरिज पैकेज की खरीदी पर विशेष छूट दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हमारे यहां फर्नीचरों की विशाल रेंज नए स्टॉक में उपलब्ध है। शोरूम में लग्जरी सोफा सेट, डाइनिंग सेट, दीवान बेड सेट, कंप्यूटर टेबल, सेंटर टेबल, ऑफिस चेयर, रिवाल्विंग चेयर, महाराजा सोफा, एल सोफा, सोफा कम बेड क्रोकरी सेट आदि लग्जरी फर्नीचर की नई रेंज रेडी स्टॉक में है। ग्राहकों की सुविधा के लिए बजाज फाइनेंसर एवं एचडीएफसी बैंक से फाइनेंस सुविधा है। उन्होंने बताया कि हमारे एक और संबंधित संस्थान मित्तल फर्नीचर व्यापार विहार लगातार 23वर्षों से लाखों ग्राहकों की सेवा प्रदान करते आ रहा है। ग्राहकों की सुविधा के लिए हमारी टीम हरसमय सेवा के लिए तैयार हैं हमारे संस्थान में सभी प्रकार के उच्च क्वालिटी के फर्नीचर मौजूद है।

### एजुकेशन प्लस

## एरीना एनिमेशन के तीन विद्यार्थी सौमित्र निखिल व मनीषा को मिली बड़ी सफलता



**बिलासपुर।** एरीना एनिमेशन बिलासपुर अकादमी के तीन प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी मेहनत, लगन और कौशल के दम पर बड़ी उपलब्धियां हासिल की है। अकादमी के डायरेक्टर ने बताया कि इसमें सौमित्र द्विवेदी पुत्र राजकुमार तिवारी बिरकोना ने 27 माह का एनिमेशन प्राइम कोर्स पूरा किया और नाइट वेंडर्स लिमिटेड मुंबई में एनीमेटर के रूप में चयनित हुए। इसी तरह निखिल सिंह पिता बृज किशोर सिंह जिला कोरबा ने 25 माह का वीएफएक्स प्राइम कोर्स पूरा किया और झाझरिया निर्माण लिमिटेड में ग्राफिक्स डिजाइनर एवं कंटेंट डेवलपर के रूप में चयनित हुए। इसके अलावा मनीषा निषाद पिता गजानंद निवास लाइन इंस्पेक्टर तखतपुर जिला मुंगेली ने 10 माह का डिजाइन और विजुअलाइजेशन कोर्स पूरा किया और एडवांस प्रिंटिंग सॉल्यूशन बिलासपुर में ग्राफिक्स डिजाइनर के रूप में चयनित हुईं। इन तीनों विद्यार्थियों ने एरीना एनिमेशन बिलासपुर अकादमी में अपने प्रशिक्षण के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि अब एरीना एनिमेशन में यूजीसी मान्यता प्राप्त स्नातक डिग्री कोर्स शुरू किया गया है। एरीना एनिमेशन बिलासपुर अकादमी अब शिक्षा के नए आयाम स्थापित कर रहा है। हमने डॉ. सीवी रमन यूनिवर्सिटी कोटा के सहयोग से यूजीसी से मान्यता प्राप्त ग्रेजुएशन डिग्री प्रोग्राम शुरू किया है। नए सत्र 2025 की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है। इसमें 3 डी व 2 डी एनीमेशन, स्पेशल इफेक्ट्स, ग्राफिक्स डिजाइनिंग, वेब डिजाइनिंग, इंटीरियर एवं फैशन डिजाइनिंग में एडमिशन चालू हैं। डायरेक्टर ने बताया कि हमारे यहां छात्रों के भविष्य के लिए कई तरह के आधुनिक कोर्स प्रारंभ किए गए हैं जो उनके लिए बहुत उपयोगी व कारगर साबित हो रहे हैं, जिसके लिए हमारी पूरी टीम काम कर रही है। यहां से पढ़कर निकलने वाले छात्र आज बड़े संस्थानों में कार्यरत हैं। इच्छुक छात्र अधिक जानकारी के लिए एरीना एनिमेशन बिलासपुर अकादमी से संपर्क कर सकते हैं।




## खबर संक्षेप

### दुकान एवं स्थापना अधिनियम 2017 लागू

**मुंगेली ।** छत्तीसगढ़ सरकार ने श्रम विभाग की 13 फरवरी की अधिसूचना के तहत छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 को निरस्त कर छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 2017 को लागू कर दिया है। इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना नियम, 2021 भी प्रभावशील हो गया है। जिला श्रम पदाधिकारी ने बताया कि पहले दुकान एवं स्थापनाओं का पंजीयन नगरीय प्रशासन विभाग के अंतर्गत नगरीय निकायों द्वारा किया जाता था। लेकिन अब छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 2017 के प्रभावशील हो जाने के पश्चात 10 या अधिक श्रमिक-कर्मचारियों वाले सभी दुकानों एवं स्थापनाओं का पंजीयन श्रम विभाग के जिला कार्यालयों द्वारा किया जाएगा।

### मत्स्य रोग प्रबंधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**मुंगेली।** केन्द्रीय मात्स्यकीय शिक्षा संस्थान मुम्बई द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेली के संयुक्त तत्वाधान में अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत मत्स्य रोग प्रबंधन विषय पर ग्राम फरहदा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण के पहले मुम्बई के वैज्ञानिक डॉ अरुण शर्मा ने कृषकों एवं महिला समूहों को मत्स्य स्वास्थ्य प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ जीना ने मछलियों में होने वाली बैक्टीरिया एवं विषाणु जनित रोगों और उनके उपचार के बारे में बताया, जबकि डॉ सलोनी शिवम ने मछलियों में परजीवियों से होने वाले रोगों और उनके नियंत्रण पर चर्चा की। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र डॉ आरएल शर्मा ने छत्तीसगढ़ में मत्स्य विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। मत्स्य विज्ञान विशेषज्ञ डॉ प्रदीप सिंह ने तालाबों के प्रबंधन की जानकारी दी।

## निधन

### राजकुमारी शुक्ला

बिलासपुर । देवनंदन नगर



सरकंडा महुदा बलौदा निवासी राजकुमारी शुक्ला पति स्व. माखनलाल शुक्ला का 27 फरवरी को निधन हो गया। वे 89 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में गुरुवार को किया गया। वे कृष्ण कुमार शुक्ला, रमेश शुक्ला, शशि किरण शर्मा, सरोज गौरहा एवं शारदा पांडेय की माता थीं।

### दीपक अग्रवाल

बिलासपुर। हाईकोर्ट के अधिवक्ता



सुशील अग्रवाल, उत्तम अग्रवाल व बिलासपुर के प्रतिष्ठित बैंकर ललित अग्रवाल के जीजाजी दीपक अग्रवाल कोरबा वाले का निधन हो गया हैं। बिल्हा मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार हुआ। वे रामभगत अग्रवाल के पुत्र थे। वे अपने पीछे पत्नी खुशबू अग्रवाल व दो छोटे बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गए हैं।

### प्रो. लक्ष्मीचंद मनवानी

गौरेला। शासकीय महाविद्यालय पेंड्रा



के प्रोफेसर लक्ष्मीचंद मनवानी का देहावसान चेन्नई में हो गया है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार, 1 मार्च को गौरेला मुक्तिधाम में होगा। वे प्रतिष्ठित फर्म में.मोरंदमल सुद्दामाराम सरंक्षक थे। वे किशोर, रवि, योगेश, नितिन मनवानी के बड़े भाई एवं विकास, अंकित मनवानी के पिता थे।

### पतराखन कौशिक

तखतपुर। ग्राम पेंड्री निवासी



पतराखन कौशिक 60 वर्ष का 28 फरवरी को निधन हो गया। वे सुरेश कौशिक के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार 28 फरवरी को गृहग्राम पेण्ड्री में किया गया।

### अनुपमा डेविड

मुंगेली। मिशन कंपाउंड निवासी



रिटायर्ड प्राचार्य श्रीमती अनुपमा डेविड पति स्वर्गीय पी एम डेविड उम्र 77 वर्ष का स्वर्गवास 28 फरवरी को निधन हो गया। वे निया नोवेल की नानी थी। उनका फ्यूनरल कार्य मसीही कब्रिस्तान मुंगेली में 1 मार्च शनिवार सुबह 11 बजे रखा गया है। मिशन कंपाउंड निवास से प्रभु की वाटिका मुंगेली में अंतिम विधान सम्पन्न किया जाएगा।

### अगले शिकार की तलाश में थे आरोपी, हॉटल से जब्त हुई पिस्टल

# पिस्टल की नोक पर कपड़ा व्यापारी से लूट, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

पिस्टल की नोक पर क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के 3 सदस्यों को पकड़ने में पथरिया पुलिस ने सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त हथियार, मोबाइल व वाहन भी जब्त कर लिया है।

पथरिया थाना प्रभारी रघुवीर चंद्रा ने बताया कि पकरिया चौकी क्षेत्र निवासी पुष्प कुमार घृतलहरे चलित कपड़ा व्यापारी है वे 26 फरवरी को अपने भाई हीरो और शैल कुमार के साथ अपने वाहन टाटा मैजिक छोटा हाथी में कपड़ा लेकर महाशिवरात्रि मेला पड़रियाझाप गए हुए थे। मेले में कपड़े बेचने के बाद अपने वाहन को लेकर ग्राम कुकुसदा होते हुए वापस अपने घर की ओर जा रहे थे तभी ग्राम तुमाडेटा के जंगल घोररी के पास समय लगभग 8.30 तीन नाकाबपोशों ने बलपूर्वक उनके वाहन को रोक कर उनसे पैसों की मांग करने लगे। नाकाबपोशों ने गाली-गलौज करते हुए पुष्प कुमार घृतलहरे के सिर पर हथियार से वार कर दिया गया जिससे वह घायल हो गया। साथ ही बदमाशों ने कनपटी पर पिस्टल रखकर उनके पास रखे पैसे एंव मोबाइल लूट लिए। बदमाशों ने उनके वाहन को घटनास्थल से थोड़ी दूर खड़ा किया एवं एक



गिरफ्तार आरोपी व जब्त सामान।

व्यक्ति की मोटरसायकल लूटकर तीनों फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी भोजराज पटेल के निर्देश पर टीम गठित कर पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी शुरू कर दी। इसी दौरान पथरिया बस स्टैंड में तीन संदिग्धों के पास से प्रार्थी पुष्प कुमार का मोबाइल भी बरामद हुआ जिस पर तीनों को पुलिस थाने ले आई एवं उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई। पूछताछ में तीनों ने लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी मनीष जायसवाल पिता बालाराम जायसवाल उम्र 22 ग्राम साकेत थाना पथरिया, योगेंद्र ध्रुव पिता राजकुमार निवासी थाना भाटापारा, द्वारिका साहू पिता गोकुल निवासी ग्राम कुकुसदा थाना पथरिया के कब्जे से 6 नग मोबाइल, पिस्टल, 2 मोटरसायकल सहित टाटा मैजिक कुल कीमती 9 लाख 84 हजार 5 सौ रूपए जब्त कर लिया। तीनों आरोपियों के ऊपर धारा 309 (6) 127 (2) 296. 115 (2) 351 (2) 3 (5) 25 आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी रघुवीर सिंह चंद्रा, सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार टंडन, एएसआई पुहकल सिंह ठाकुर, उमेंद योगल, आरक्षक हालिस गेंदल, वीरेंद्र खुटे, लाल जी आनंद, सोनू जगड़े, अश्वनी पूर्बीय शामिल रहे।

### हॉटल में मिली पिस्टल

लूट की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पथरिया नगर में आकर अगले शिकार की तलाश में घूम रहें थे। इसी दौरान उन्होंने एक हाइवा को भी लूट की नियत से रोका था लेकिन गाड़ी मालिक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवकों को पकड़ा एवं आरोपियों से कड़ी से पूछताछ कर पिस्टल को नगर के एक हॉटल से बरामद किया गया।

## 2 की मौके पर एक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

# टैंकर ने मारी मोपेड को टक्कर, 3 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

पेंड्रा में लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। शुक्रवार को एक मोपेड बाइक विपरीत दिशा से रॉन्ग साइड से आ रही पेट्रोलियम टैंकर से जा टकराई जिसमें मौके पर ही 2 की मौत हो गई। वहीं एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। ये हादसा पेंड्रा-बिलासपुर रोड में पटियाला हाउस के पास मेन रोड में हुआ।

जानकारी के अनुसार पेंड्रा-बिलासपुर रोड में पटियाला हाउस के पास मेन रोड पर एक ही मोपेड में 2 युवक और 2 महिलाएं समेत 4 लोग सवार होकर पेंड्रा की तरफ जा रहे थे, इसी दौरान सामने की ओर से गलत दिशा में आ रहे तेज रफ्तार पेट्रोलियम टैंकर ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे 2 युवकों की मौके पर मौत हो गई एवं साथ ही एक घायल महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। 1 महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे इलाज के लिए घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलने पर पेंड्रा पुलिस मौके पर पहुंची और टैंकर चालक को हिरासत में लिया। बहरहाल पुलिस जांच में जुट गई है।



सड़क पर मृत पड़े युवक व महिला।

### 4 दिन पहले युवा व्यावसायी की हुई थी मौत

4 दिन पहले भी तेज रफ्तार पिकअप ने पेंड्रा के युवा व्यवसायी अंकित अग्रवाल को पत्नी सहित ठोकर मार दी थी जिसमें अंकित अग्रवाल की मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी हिमानी अग्रवाल का इलाज जारी है। तेज रफ्तार वाहन लगातार दुर्घटनाओं को अंजाम दे रहे है और जिले की चौपट हो चुकी यातायात व्यवस्था को लेकर यातायात प्रभारी की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

## खूंटाघाट बाइपास रोड किनारे संदिग्ध अवस्था में मिली अधजली लाश

**बिलासपुर।** रतनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रतनपुर से खूंटाघाट जाने वाले बाईपास रोड में दबकी पुल के पास एक अज्ञात अधजली लाश मिली है। जिसे हत्या कर यहाँ ठिकाने लगाने की आशंका जताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम लोगों ने देखा कि एक अधजली लाश सड़क किनारे पड़ी है, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुँची पुलिस अपनी जांच में जुट गई है, प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान सूरज खैरवार पिता विष्णु खैरवार साँधिपारा निवासी उम्र 33 वर्ष के रूप में हुई है, जो सुबह से घर से निकला था, रोजी मजदूरी का काम करता था। मौके पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से जांच में जुट गई है।



## मशरूम उत्पादन सहित अन्य प्रशिक्षणों की शुरुआत




**सीपत।** कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में वैदिक महाविद्यालय में पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन, हर्बल गुलाल, सिलाई व कम्प्यूटर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय में अध्ययनरत 100 छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। संस्था के चेयरमैन द्वारिकेश पांडेय ने बताया कि आधुनिक काल में समाज आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। ग्रामीण विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें स्वरोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। वैज्ञानिक डॉ जयंत साहू, डॉ निवेदिता पाठक, डॉ स्वाति ने भी प्रशिक्षण की बारीकियों के बारे में बताया। मंच पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सीआर कैवर्त एवं ठरकपुर सरपंच प्रमोद कुमार कश्यप उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक हिमांशु गुप्ता ने किया।

## लंबित मामलों को शीघ्रता से निबटाएंः शुक्ला

**मुंगेली।** पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर डॉ संजीव शुक्ला ने मुंगेली का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेने के पश्चात अधीनस्थ कर्मचारियों की समस्या सुनकर यथोचित निराकरण करने कहा। पुलिस महानिरीक्षक ने सम्मेलन के दौरान पुलिस विभाग में अनुशासन, जनता के प्रति उचित व्यवहार एवं थानों में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने, घटनास्थल का निरीक्षण कर विधि अनुसार अपराध पंजीबद्ध करने निर्देश दिए।

■ आईजी ने मुंगेली जिले का किया वार्षिक निरीक्षण

पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर डॉ संजीव शुक्ला ने मुंगेली जिले का वार्षिक निरीक्षण किया। 27 फरवरी को थाना सरगांव में सलामी के पश्चात थाना रिकॉर्ड निरीक्षण कर थाना का रिकॉर्ड सही ढंग से संधारण करने, लंबित अपराधों का जल्द से जल्द निराकरण करने, सीसीटीएनएस के माध्यम से गुम इंसान ट्रेकिंग करने, फ्रॉड से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई कर पीड़ितों की राशि अधिक से अधिक होल्ड कराने एवं अन्य उपलब्धि प्राप्त करने निर्देशित किया गया। थाना सिटी कोतवाली में विभिन्न रजिस्टरों को चेक किया गया एवं उनकी गुणवत्ता में सुधार लाने एवं थाना परिसर की साफ–सफाई बनाये रखने दिशा–निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। 28 फरवरी को सुबह रक्षित केन्द्र मुंगेली में परेड की सलामी लेकर अच्छे टर्नआउट वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत कर रक्षित केन्द्र के एमटी शाखा का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।



परेड का निरीक्षण करते आईजी।

## विज्ञान दिवस पर स्कूली बच्चों ने लगाई प्रदर्शनी



**बेलतरा।** स्वामी विवेकानंद विद्यालय बेलतरा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाकर उनके बारे में जानकारी दी। बच्चों ने इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दिखाया कि किस ब्लड ग्रुप वाले व्यक्ति के लिए कौन से ग्रुप का ब्लड उपयुक्त होता है। प्रदर्शनी में बच्चों को चार ग्रुप में बांटा गया, जिसमें कक्षा आठ के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल किया। स्कूल में विज्ञान वर्ग की अध्यापिका संगीता श्रीवास ने बच्चों से कहा कि आप जो सोचो उसको जानो, यही विज्ञान है। विद्यालय के प्रधान पाठक गगन कुमार कौशिक ने कहा कि विज्ञान के लाभ के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करने के लिए हर साल 28 फरवरी को देश में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ती है। सभी बच्चे खेल-खेल में ही विज्ञान विषय की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

## बिना आपरेशन प्रसव को लेकर अटल ने उठाया सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विधानसभा में बजट सत्र के चौथे दिन प्रश्न काल के दौरान कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने लिखित में पूछा कि रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्त्री एवं प्रसुति रोग के लिए कौम से डॉक्टर कार्यरत हैं, साथ ही उन्होंने पूछा कि यहां ऑपरेशन की सुविधा है कि नहीं।



अटल श्रीवास्तव ने आगे कहा कि जनवरी 2023 से जनवरी 2025 तक कितने मरीजों के सामान्य प्रसव हुए हैं और कितने का आपरेशन से प्रसव हुआ है और कितने मरीजों को प्रसव हेतु अन्य अस्पताल रिफर किया गया। लोक स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने लिखित उत्तर में बताया कि रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉ शिला साहा स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ 1 जून 2022 एवं डॉ नेहुल झॉ 21 जुलाई 2022 से पदस्थ हैं। असपताल में कुल 1977 मरीज प्रसव हेतु उपस्थित हुए जिसमें सामान्य प्रसव की कुल संख्या 1299 है तथा आपरेशन से प्रसव की संख्या निरंक है। 678 मरीजों को अन्य चिकित्सालय रेफर किया गया है। विधायक अटल श्रीवास्तव ने प्रश्न के दौरान मंत्री से जानना चाहा कि आपरेशन की सुविधा कब से शुरू हो जाएगी। विधायक अटल श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से क्षेत्रवासियों हेतु यथाशीघ्र आपरेशन से प्रसव की सुविधा उपलब्ध कराने का मांग की जिस पर मंत्री जी जायसवाल ने शीघ्र ही सुविधा उपलब्ध कराने आश्वस्त किया है।

## ग्राम पंचायत लोखंड़ी में निकला विजय जुलूस

**लोखंड़ी।** पूरे प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हो चुके हैं एवं ग्राम पंचायत, जपं एवं जिपं स्तर पर जनप्रतिनिधियों का निर्वाचन हो चुका है।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत लोखंडी के मतदाताओं ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर बलराम पटेल को लोखंडी का सरपंच चुना है। साथ ही क्षेत्र क्रमांक 21 से जनपद सदस्य को लिए परमेश्वर पटेल ने जीत हासिल की है। दोनों जनप्रतिनिधियों की जीत पर गांव के बुजुर्ग, बच्चे एवं महिलाओं ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर विजय जुलूस निकाला एवं मतदाताओं का धन्यवाद किया। विजय जुलूस का गांव में अलग-अलग स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ प्रीतम पटेल, रामकुमार, डॉ चंदराम, संजय पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रमीण जुलूस में मौजूद रहे।



## कलेक्टर, एपसी को सौंपा ज्ञापन

**बेलतरा।** सामाजिक कार्यकर्ता ज्ञापन जायसवाल विधानसभा बेलतरा ने बेलतरा बस स्टैंड की नाली निर्माण को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। साथ ही उन्होंने बेलतरा में सुरक्षा को व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु पुलिस चौकी खोले जाने के संबंध में एसपी एवं आईजी बिलासपुर को भी ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन पर जल्द ही सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा की है।





## विकासखंड स्तरीय एफएलएन मेले का आयोजन

**तखतपुर।** विकासखंड स्तरीय एफएलएन मेला क्विज प्रतियोगिता एवं पूर्व व्यावसायिक शिक्षण प्रदर्शन का आयोजन किया गया। रजनी उरमलिया, पवन प्राथमिक शाला कठमुण्डा प्रथम, द्वितीय शिक्षक विनय कुमार सिंह, छात्रा अर्पित शर्मा प्राथमिक शाला जनपद लाखासार, तृतीय स्थान में शिक्षिका परमेश्वरी देवांगन, छात्र लिकेश सूर्यवंशी प्राथमिक शाला बालक गनियारी रहे। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अन्तर्गत उच्च प्राथमिक स्तर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में विज्ञान विषय से प्रथम स्थान ईशा कश्यप लिम्हा, द्वितीय स्थान माही केंवट कन्या चिचिरदा, तृतीय स्थान कल्याणी सूर्यवंशी चनाडोंगरी ने प्राप्त किया। इसी प्रकार गणित में प्रथम चालाक साहू पूरा, द्वितीय स्थान अरुण कौशिक परसदा, तृतीय स्थान नीतू वैष्णव सकेती ने प्रप्त किया। विकासखंड स्तर पर चयनित उच्च प्राथमिक शालाओं द्वारा पूर्व व्यावसायिक शिक्षण सामग्री की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। इसके साथ ही रंगोत्सव आधारित पाठ्योजना का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर बीईओ कामेश बैरागी, सीमा त्रिपाठी, राजेश चौबे, जीपी उपाध्याय, अजय तिवारी, अनिल शर्मा, नितेश सिंगरौल, लवकान्त द्विवेदी, अमरदीप शर्मा, रविन्द्र चतुर्वेदी, अशोक पांडेय, मनोरम बर्मन, रामभुवन यादव, मनोज पवार, जितेंद्र ठाकुर, हीरालाल जांगड़े, विजय कौशिक, दिनेश साहू, अशोक कुमार, गणेश चंद्राकर, शरद सोनी, श्रीमती परमेश्वरी, लक्ष्मीनारायण, अनिल कुमार, विनय कुमार, ललित कश्यप, दिलेश्वर प्रसाद, ललित राजपूत आदि मौजूद थे।

## बचाव ही फाइलेरिया के लिए सर्वश्रेष्ठ उपायः शत्रुहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में शुक्रवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया गया। एयू के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ मनोज कुमार सिन्हा के निर्देशन और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीपत के सहयोग से छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया की दवाई की खुराक दी गई। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने फाइलेरिया के बढ़ते मामले को रोकने हेतु आवश्यक जानकारी देते हुए कहा कि दवाई सेवन करने के पश्चात किसी प्रकार की विपरीत लक्षणों से घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी शत्रुहन घृतलहरे ने छात्र-छात्राओं को अपने गांव और समुदाय में सभी को दवाई सेवन कराने एवं अधिक लोगों तक इस अभियान को पहुंचाने की बात कही। उन्होंने आगे कहा कि इससे बचाव ही सर्वश्रेष्ठ उपाय है। इस अवसर पर स्वास्थ विभाग आरपी तिवारी सुपरवाइजर पीएचसी सीपत, मेदिनी पटेल, सुपरवाइजर मीना




बंजारे, स्वयंसेवकों में मधु राजगीर, राही साहू, दिव्या साहू एवं पवन कुमार का सहयोग रहा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वसहायता समूह की महिला सदस्य सुमन ने दवाई वितरण का कार्य किया।

### आम सूचना

मैं निम्नाशय का आम सूचना का प्रकाशन करता हूं, अरूण सिंह चौहान पिता भगवान सिंह निवासी 27 खोली बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम तिफरा प.ह.नं 40 रा.नि.मं सिरगिट्टी तह व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 409/9 रकबा 2100 वर्गफुट भूमि दिप्ती सिंह पिता अरूण चौहान के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। अरूण सिंह चौहान उक्त खसरा नंबर की भूमि का सीमांकन हेतु न्यायालय श्रीमान तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पेश किया था, माननीय तहसीलदार के आदेशानुसार हल्का पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक सिरगिट्टी द्वारा उक्त भूमि का मौके पर जाकर सीमांकन कर सीमांकन प्रतिवेदन माननीय तहसीलदार को प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रतिवेदन के अनुसार आवेदित स्थल खसरा नंबर 428 का भाग है, उक्त स्थल पर खसरा नंबर 409 का कोई भूमि नहीं है। अरूण सिंह चौहान द्वारा खसरा नंबर 428 की भूमि को अपना बताकर अवैधानिक रूप से विक्रय का प्रयास किया जा रहा है, जबकि उक्त भूमि पर पंकज सिंह बिसेन का कब्जा है, जो अर्पणा बिसेन पति पंकज बिसेन के नाम से राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि का कोई व्यक्ति क्रय-विक्रय न करें, अन्यथा कोई अधिपत्य प्राप्त नहीं होगा एवं कोई भी संस्था उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार का लोन प्रदान न करें। सो सूचना जानें

दिनांक: 28/02/2025
स्थान : बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय
पंकज सिंह बिसेन
मो.-9301051815

### समक्ष श्रीमान नोटरी सिविल जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

#### शपथ पत्र

मैं वी एम कुंजम्मा, उम्र 83 वर्ष, पति स्व. थॉमस कुट्टी, जाति ईसाई, निवासी - वार्ड नं. 03. शांति नगर रामकृष्ण एन्क्लेव बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. की हूँ, जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूँः- 1. यह कि मै उपरोक्त नाम व पते की निवासी हूँ। 2. यह कि मेरे पति थॉमस कुट्टी का स्वर्गवास दिनाँक 05.09.1994 मे हो गया है तथा मेरे पति स्वर्गवास के समय आर्मी (ए एम सी) मे हवलदार के पद पर कार्यरत थे। 3. यह कि मेरे पति थॉमस कुट्टी के स्वर्गवास के पश्चात मुझे आर्मी (ए एम सी) के द्वारा फैमिली पेंशन प्रदान की जाती है तथा आर्मी सर्विस नं. 6797536 है। 4. यह कि उक्त आर्मी (ए एम सी) के पेंशन के रिकार्ड मे मेरा जन्म तिथि 06.02.1946 दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है। 5. यह कि मेरा आधार नं. 4691 9255 7463 मे मेरा जन्म तिथि 21.05.1942 दर्ज है जो कि सही व सत्य जन्म तिथि है। 6. यह कि उक्त त्रुटीपूर्ण दर्ज जन्म तिथि 06.02.1946 को सुधारकर मेरी सही जन्म तिथि 21.05.1942 दर्ज किया जावे जिसके समर्थन मे यह शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूँ।

शपथकर्ती, वी एम कुंजम्मा

#### सत्यापन

मैं वी एम कुंजम्मा, उम्र 83 वर्ष, पति स्व. थॉमस कुट्टी शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 06 तक दी गई जानकारी पूर्ण रूप से सत्य है। जिसे आज दिनाँक 28.02.2025 को बिलासपुर मे पढ व समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

शपथकर्ती, वी एम कुंजम्मा

### आम सूचना

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे असामी अवधेष साहू भागीदार, मान्या इंटरप्राईजेस, रतनपुर, तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत होकर निम्न अश्य की सूचना प्रस्तुत करता हूं। कि मेरे पक्षकार के द्वारा भूमि स्वामी 01. दाउद मोहम्मद 02. सीरज मोहम्मद 03 जान मोहम्मद 04. तबस्सुम निशा, वगैरह की भूमि प.ह.न. 36, मौजा रतनपुर, रा.नि.म. रतनपुर, तह, व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 2375/23, 3197/5, 3197/8, 3212/5, 3216/4, 2375/22, 3197/4, 3197/7, 3212/4, 3216/3, 2375/5, 3197/1, 3197/2, 3212/2, 3216, 3197/3, 3212/3, 3197/6, एवं 3216/2, कुल रकबा 4.48 एकड़ भूमि स्थित है। जो कि समस्त राजस्व अभिलेखों में विक्रेतागण के नाम स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि है जो कि समस्त राजस्व अभिलेखो में विक्रेतागण के नाम पर दर्ज है। जो कि 01. दीपक कश्यप, 02. गणेश कश्यप, 03. अब्दुला शेख, 04. वली उल्लाह शेख से अनुबंधित है। उक्त भूमि को मेरे आसामी क्रेता अवधेश साहू भागीदार, मान्या इंटरप्राईजेस, रतनपुर, तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा क्रय करने का सौदा किया है। जो कि निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का पंजीयन प्रस्तावित है।

उक्त वर्णित भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय संस्था, बैक या किसी अर्धशासकीय संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह मय कागजात 07 दिवस के भीतर मुझसे संपर्क कर अपनी आपत्ति दर्ज करायें अन्यथा 07 दिवस के पश्चात की गई आपत्ति वैध नही मानी जायेगी। सो सूचना जाने

दिनांक 28.02.2025

भवदीय
श्रीमती सुनीता ठाकुर (अधिवक्ता)
कुदुदण्ड, बिलासपुर
मो. नं. 9754660260

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
● एलर्जी जॉच एवं इम्यूनोथेरेपी
● गले की लेजर सर्जरी
● खर्राटो का ईलाज
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
● दांतों में ज्वेलरी लगाना
● बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शनिवार 1 मार्च 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



व्याख्यान

## एक राष्ट्र-एक चुनाव से देश की लोकतांत्रिक प्रणाली होगी मजबूत




**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में आज एक राष्ट्र-एक चुनाव पर एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बंश गोपाल सिंह द्वारा की गई। श्री धीरज वानखेड़े नेएक राष्ट्र-एक चुनाव पर व्याख्यान देते हुए चुनाव के महत्व को स्पष्ट किया और सरकार द्वारा बनाई गई समिति का पूर्ण विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि हमें किसी भी राजनीतिक दल का पक्ष लिए बिना इस विषय पर खुलकर चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि एक राष्ट्र-एक चुनाव के कारण समय और धन की बचत होगी। प्रारंभ में केवल लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ में होंगे, लेकिन इसके लिए संवैधानिक संशोधन आवश्यक है। डॉ. अन्नूभाई सोनी ने अपने वक्तव्य में इस विषय पर अपनी राय रखते हुए कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव लागू होना संभव है या नहीं, यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। उन्होंने इसे एक संयुक्त परिवार के उदाहरण से स्पष्ट किया और समय व व्यय की बचत के पहलू को उजागर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बंश गोपाल सिंह ने कहा कि वह एक राष्ट्र-एक चुनाव के पक्ष में हैं, क्योंकि इससे चुनावों में अनावश्यक खर्च कम होगा और भ्रष्टाचार भी घटेगा। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव के दौरान जो आपराधिक तत्वों का बोलबाला हो जाता है, वह भी इससे नियंत्रित होगा, और इससे सामाजिक व्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

# जिले के 122 केन्द्रों में 12वीं बोर्ड की परीक्षा आज से

## बिलासपुर में 10वीं के 131 और 12वीं के 122 केंद्र में होगी बोडी परीक्षा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा आज से शुरू हो रही है, 12वीं क्लास की परीक्षा के लिए जिले में 122 केंन्द्र बनाएं गए हैं, जिसमें 18 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। 1 मार्च से शुरू हो रही है परीक्षा में 12वीं के छात्र हिन्दी विषय का पर्चा हल करेंगे।



**बिलासपुर।** जिले में इस साल 10वीं की परीक्षा में 23 हजार छात्र बैंठेगे। इसके लिए 131 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। शिक्षक शुक्रवार को परीक्षा केंद्रों में जाकर दिनभर तैयारी में लगे रहे। टेबल कुर्सी जमाने के बाद रोल नंबर लिखा गया। जिन शिक्षकों की परीक्षा ड्यूटी लगी है, उनको सुबह 8 बजे तक हर हाल में स्कूल पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा केंद्र के बाहर कमरा नम्बर और रोल नम्बर दीवारों पर चिपका दिया गया है। 1 मार्च को बारहवीं का हिंदी पेपर होगा। परीक्षा सुबह 9 से 12:15 बजे तक होगी। परीक्षार्थियों को सुबह 9 बजे पहुंचना होगा। उत्तरपुस्तिका वितरण 9:05 बजे किया जाएगा। प्रश्न पत्र वितरण 9:10 बजे होगा। उत्तर लेखन के लिए सुबह 9:15 बजे से 12:15 बजे तक समय मिलेगा। परीक्षा के पहले शिक्षा विभाग ने उड़नदस्ते में शामिल सदस्यों की बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिए।

### नकल रोकने 6 उड़नदस्ते गठित

प्रशासन व शिक्षा विभाग की कुल 6 टीमें गठित की गई हैं। इसमें दोनों विभाग के 32 अफसर शामिल किए गए हैं। सभी सदस्य 1 मार्च को कलेक्टर कार्यालय के पास एकत्रित होने के बाद स्कूलों में जांच करने के लिए निकलेंगे। टीम के सदस्यों को समय पर स्कूल पहुंचकर ज्यादा से ज्यादा कवर करने का निर्देश दिया गया है। परीक्षा केंद्र प्रभारियों ने सभी गोपनीय सामग्री को थाने में जमा कर दिया है। जिसे 1 मार्च को परीक्षा केंद्रों में भेजा जाएगा। नकल जांच करने के नाम पर सभी छात्रों को खड़ा नहीं करना है। इससे छात्रों का समय खराब होता है।

### सोमवार को होगी दसवीं की परीक्षा

जिले में दसवीं बोर्ड परीक्षा के लिए भी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। सोमवार 3 मार्च को कक्षा 10वीं के छात्र हिंदी विषय की परीक्षा देंगे। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 131 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए हैं। जिले में इस बार एक भी संवेदनशील केन्द्र नहीं है, सभी सामान्य परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

### परीक्षा की तैयारी में जुटे विद्यार्थी

1 मार्च से 12वीं, वहीं 3 मार्च से 10 वीं की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। इसे देखते हुए परीक्षार्थी जोरशोर से तैयारी में जुट गए हैं। छात्र घरों में पाठक्रम का रिवीजन कर रहे हैं। इस दौरान वे अब इंपार्टेंट प्रश्नों की तैयारी को लेकर गाइड व प्रश्न बैंकों को सहारा ले रहे हैं। तैयारी के इस अंतिम दौर में छात्र पूरे फोकस के साथ रिवीजन करने में लगे हैं। पढ़ाई के साथ इस समय जरूरी है कि छात्र तनावमुक्त होकर अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें। क्योंकि स्वस्थ शरीर और शांत दिमाग से ही बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है। सरकंडा स्कूल की शिक्षिका तान्या पांडेय ने कहा कि रिवीजन के इस अंतिम दौर में सबसे जरूरी है दिमाग को शांत रखना। विद्यार्थी तनाव रहित होकर सकारात्मक रवैये के साथ कड़ी मेहनत करें और खुद को मोटिवेट करते रहें। आपको अगर तैयारी से संबंधित किसी तरह का तनाव हो रहा है, तो इसके बारे में अपने शिक्षक एवं अभिभावकों से बात जरूर करें।

आयोजन

## बिलासा महाविद्यालय में अभिभावक शिक्षक सम्मेलन में दिए गए सुझाव



**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में 24 फरवरी से तीन दिवसीय शिक्षक अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय के अभिभावकों ने भाग लिया। सम्मेलन में अभिभावकों ने महाविद्यालय को कई सुझाव और मार्गदर्शन दिए। छात्राओं की सुरक्षा के लिए परिचय पत्र अनिवार्य रूप से धारण करने का सुझाव दिया गया महाविद्यालय के सामने गति अवरोधक अथवा ट्रैफिक कंट्रोल के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। प्राचार्य डॉ कमलेश ने कहा कि बिलासा महाविद्यालय प्रदेश का बड़ा और उत्कृष्ट महाविद्यालय है जो पूर्णतः छात्रहित में समर्पित होकर कार्य कर रहा है। यहां की छात्राएं प्रतिवर्ष राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय विविध स्पर्धा और परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर इतिहास रच रही हैं। यह महाविद्यालय निरंतर ऊंचाइयों को छू पा रहा है क्योंकि अभिभावक संस्था के सतत संपर्क में हैं। अभिभावक ही हमारे असली मार्गदर्शक हैं। अभिभावकों ने इस सम्मेलन को नवाचार और उपयोगी बताया। इस सम्मेलन को संपन्न कराने में डॉ. पी. भण्डारी, डॉ. उषा सिंह, तृप्ति टंडन, सुश्री सुषमा घई, डॉ. कमलेश ठक्कर, डॉ. अर्चना पाटले, प्रो. प्रकाश यादव, रश्मि पटेल, गार्गी शुक्ला, डॉ. रमेश कुमार पाण्डेय, डॉ. एएन सिंह, डॉ. डीपी देवांगन, निवृत्ति जेम्स, प्रो. जेपी दुबे, अर्चना अग्रवाल, डॉ. श्रद्धा दास, डॉ. संगीता शुक्ला, डॉ. अर्चना पाण्डेय, प्रो. जामिनी कुसरो, डॉ. पूजा शर्मा, डॉ. शैलजा गोयल, बीआर. चौधरी आदि का योगदान रहा।

सेजेश अंग्रेजी माध्यम मॉडल कॉलेज ने मनाया विज्ञान दिवस

## न्यूटन, एडीसन, ग्राहम्बैल, डॉ. सीवी रमन जेसी बसु के अविष्कार प्रस्तुत किए गए




**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम मॉडल कॉलेज ने भारतीय भौतिक विज्ञानी सीवी रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज की स्मृति में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा कुमारी शिवानी साहू ने कविता के माध्यम से वैज्ञानिक न्यूटन, एडीसन, ग्राहम्बैल, डॉ. सीवी रमन, जेसी बसु आदि के आविष्कार को प्रस्तुत किया।

महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. राजकुमार सचदेव ने विद्यार्थियों से जिज्ञासा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया और जीवन में विज्ञान के महत्व को बताते हुए वैज्ञानिक मानसिकता और नवाचार को बढ़ावा देने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व को भी रेखांकित किया। डॉ.सचदेव ने कणाद, चरक, नागार्जुन, सुश्रुत, वराहमिहिर और आर्यभट्ट जैसे भारत के प्राचीन वैज्ञानिकों को भी स्मरण किया, जिन्होंने विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में नए और महत्वपूर्ण योगदान दिए। प्राचार्य प्रो.यूके श्रीवास्तव ने रेडियो के आविष्कार से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विकास तक विज्ञान और प्रौद्योगिकी में तेजी से प्रगति को प्रदर्शित करते हुए संचार में परिवर्तन को भी रेखांकित किया। जो कि चार्ज किए गए इनकमिंग कॉल से असीमित इंटरनेट डेटा तक है। प्राचार्य ने छात्रों को भारत की समृद्ध वैज्ञानिक विरासत से प्रेरणा लेने और उत्कृष्टता की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

### वैज्ञानिक जांच व नवाचार के महत्व पर जोर

गणित विभाग की प्रमुख डॉ. प्रेमलता वर्मा ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम पर ध्यान केंद्रित किया और 2047 के विकसित भारत के लिए वैज्ञानिक जांच और नवाचार के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन भौतिक शास्त्र की सहायक प्राध्यापक कृतिका साहू ने किया। इस कार्यक्रम में सभी प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति थी, जिन्होंने आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक मानसिकता विकसित करना है जिससे जिज्ञासा, रचनात्मकता और महत्वपूर्ण सोच को बढ़ावा मिले। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन के माध्यम से संस्थान अपने छात्रों के बीच नवाचार और वैज्ञानिक उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहता है। प्राचार्य डॉ. श्रीवास्तव ने आयोजन के लिए आईक्यूएसी के सभी प्राध्यापक की सराहना की।

## केंद्रीय मंत्री ने कुलपति चक्रवाल को सम्मानित किया



गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक कुमार चक्रवाल को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर केंदीय मत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन के प्लेनरी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा 'पर्स' प्राप्त करने वाले कुलपति को सम्मानित किया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का विषय विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना रहा। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमें युवाओं के बीच स्टार्ट अप को बढ़ावा देना होगा तथा पेटेंट के लिए युवा वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें वैज्ञानिक मुद्दों के प्रति लोगों की समझ बढ़ाना, देश में वैज्ञानिक जागरूकता लाना, विज्ञान के बारे में जिज्ञासा और समझ को प्रोत्साहित करना तथा युवाओं को विज्ञान के प्रति आकर्षित करना है।

पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित एवं संवर्धित व नवाचार को बढ़ावा

## सीवीआरयू के हर्बल गुलाल के रंग से होगी रंगीली होली

बिलासपुर। डॉ. सीवी रामन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.अरविंद तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय में ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग की स्थापना 2018 में की गई है। इसके बाद विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन रूरल टेक्नोलॉजी फॉर एंटरप्रेन्योरशिप की स्थापना की गई है, जो कि सीधे तौर पर देशी ज्ञान को संरक्षित और संवर्धित करने के उद्देश्य से कार्य कर रहा है। बैगा आदिवासी के औषधीय ज्ञान को संरक्षित एवं संवर्धित करने के लिए हर्बल गार्डन भी तैयार किया गया है।

भारत सरकार के नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार ने ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग को अनुसंधान परियोजना स्वीकृत की है। इसके साथ ही विभाग द्वारा यहां उत्पादित की जाने वाली वस्तुओं से घरेलू स्तर पर विद्यार्थियों को देशी वस्तुओं के उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्तमान में होली के लिए हर्बल गुलाल बड़ी मात्रा में तैयार किया गया है, जिसमें विद्यार्थी व अंचल के लोग विभिन्न प्रक्रिया को समझकर हर सामान खुद ही तैयार करते हैं । 14 मार्च की रंगीली होली डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग के गुलाल से होगी। विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन रूरल टेक्नोलॉजी फॉर एंटरप्रेन्योरशिप ने हर्बल गुलाल उत्पादन शुरू किया है, जो कि रमन ग्रीनस पलाश, हल्दी, चंदन, मुल्तानी, सिंदूरी, मुल्तानी मिट्टी, गुलाब जल, मेंहदी, पालक और प्राकृतिक रंगों से मिलाकर देशज पारंपरिक विधि से हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है। इसके साथ हर्बल साबुन भी तैयार किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा देशज पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित एवं संवर्धित करने व नवाचार को बढ़ावा देने के लिए यह कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ.तिवारी का कहना कि इसमें किसी भी प्रकार के केमिकल का उपयोग नहीं किया जाता।



### पलाश, हल्दी, पालक के रस से बन रहा गुलाल

पलाश, पालक और कच्ची हल्दी का रस निकालकर, मुल्तानी मिट्टी और चुकंदर का उपयोग कर सभी जरूरी प्रक्रिया से गुजारने के बाद यह गुलाल विश्वविद्यालय में तैयार किया जा रहा है । इसमें पलाश हमारे विश्वविद्यालय में ही होता है, बड़ी मात्रा में हल्दी विश्वविद्यालय में ही उत्पादित की जाती है। पालक और चुकंदर की खेती विश्वविद्यालय में ही की जाती है। ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ.अनुपम तिवारी ने बताया कि हर्बल गुलाल तैयार करने के लिए सभी प्राकृतिक चीजें हमारे पास उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों को सिखाने के साथ उत्पादन की मात्रा भी लगातार बढ़ाई जा रही है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार कार्य जीवन शैली को प्राथमिकता

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवि प्रकाश दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय पारंपरिक ज्ञान को केंद्र में रखा गया है। इसमें भारतीय ज्ञान परंपरा और जीवन शैली को भी प्राथमिकता दी गई है। इस दिशा में डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय पूर्व से कार्य कर रहा है। कौशल विकास, आत्मनिर्भरता, भारतीय ज्ञान परंपरा को संरक्षण एवं संर्वधन, स्थानीय भाषा को बढ़ावा देने सहित अनेक क्षेत्रों में सीवीआरयू महत्वपूर्ण काम कर रहा है। विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री कौशल केंद्र स्थापित है। भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र खोला गया हैं। भारतीय और स्थानीय भाषा को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के लिए विश्वरंग आयोजन कराया जाता है।

स्पोर्ट्स न्यूज

## नवनिर्मित बास्केटबॉल मैदान का कलेक्टर, आयुक्त ने किया उद्घघाटन

छत्तीसगढ़ स्कूल के प्रांगण में स्थित बास्केटबॉल कोर्ट जो कि जीर्णोद्धार के पश्चात पुनः बनकर तैयार हुआ है, इसका उद्घघाटन आज कलेक्टर अवनीश शरण, निगम आयुक्त अमित कुमार एवं जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल के द्वारा उद्घघाटन किया गया। इस शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ स्कूल के प्राचार्य प्रशांत चिपटे, अनिल मिश्रा, संचालक सहायक जी.डी गर्ग, सहा.जिला क्रीड़ा अधिकारी अवध राम चंद्राकर, क्रीड़ा अधिकारी छत्तीसगढ़ स्कूल के प्राचार्य प्रशांत चिपटे, साइंस कॉलेज सुनील गौरहा सहित अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर एक मैत्री मैच फाइटिंग पैंथर एवं शिकागो बुल्स के बीच मैच खेला गया, इस मैदान के निर्माण में जिला बास्केटबॉल संघ, बिलासपुर के अमित मंडल, प्रवीण बिसेन, प्रीतम दास, प्रदीप वर्मा, धीरेंद्र सिंह, सुनील राठौर आदि सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



6वीं सीनियर एशियन महिला कबड्डी चैम्पियनशिप

## संजू करेगी देश का प्रतिनिधित्व



6 वीं सीनियर एशियन महिला कबड्डी चैम्पियनशीप में संजू देवी प्रतिनिधित्व करेगी। यह स्पर्धा ईरान की राजधानी तेहरान में 4 से 9 मार्च तक आयोजित की जाएगी।

स्व. बीआर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र में संचालित बालिका आवासीय कबड्डी अकादमी के खिलाड़ियों ने प्रारंभिक वर्ष से ही राज्य चैम्पियनशिप में अपना दम-खम दिखाना शुरू किया। अकादमी प्रारंभ होने के पश्चात से ही खिलाड़ियों ने तीनों वर्गों सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की राज्य चैम्पियनशिप में विजेता का खिताब अपने नाम किया है। सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप हरियाणा में संजू देवी के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें भारतीय दल के कैम्प में सम्मिलित किया गया है। स्पर्धा का आयोजन ईरान की राजधानी तेहरान में 4 से 9 मार्च तक होगी। जिसमें नेपाल, थाईलैण्ड, ईरान, इराक, बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका, मलेशिया जैसी टीमें भाग लेंगी। अकादमी के दल को विजेता बनाने के लिए प्रशिक्षक दिल कुमार राठौर के मेहनत के साथ ही इसे साकार करने का काम खिलाड़ी संजू देवी ने किया है।

## कौशलेंद्र राव विधि महाविद्यालय ने जीता रात्रि कालीन क्रिकेट विधि कप फाइनल



**बिलासपुर।** विधि पैनल द्वारा रात्रि कालीन क्रिकेट विधि प्रीमियर लीग का आयोजन चौकसे कॉलेज के क्रिकेट ग्राउंड में किया गया। केआर लॉ कॉलेज और एलसीआईटी विधि कॉलेज के बीच फाइनल का मुकाबला हुआ, जिसमें केआर लॉ कॉलेज ने फाइनल मुकाबला जीत लिया।

कौशलेंद्र राव लॉ कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी को चुना। एलसीआईटी पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 92 रन बनाया। एलसीआईटी की ओर से अक्षय ने 36 रन, आशीष ने 33 रन का योगदान दिया। वही केआर लॉ कॉलेज की ओर से सलामी बल्लेबाज आलोक ने 18 गेंद पर तूफानी बल्लेबाजी करते हुए अपना अर्धशतक बनाया। उप कप्तान हिमांशु ने 18 रन बनाकर विधि कप का फाइनल अपने नाम कर लिया। मुख्य अतिथि डॉ.गिरिराज के द्वारा केआर लॉ कॉलेज को विजेता ट्रॉफी एवं 21 हजार नगद पुरूस्कार के साथ प्रदान किया गया। उपविजेता ट्रॉफी एवं 11 हजार नगद पुरूस्कार दिया गया। फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच आलोक, संस्कार को बेस्ट बॉलर, बेस्ट बेस्टमैन व मैन ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार दिया गया। आयोजन समिति के सदस्य जितेंद्र सिंह, प्रत्यक्ष शर्मा, आदर्श तिवारी, पूर्व कप्तान रूपेश यादव, निखिल पांडे, विशाल मरावी, अनुराग प्रधान, सूरज शर्मा, अभिजीत सोनी व धनंजय रहे।मंच का संचालन खेत्रो महानंद ने की।

## खबर संक्षेप

### दैहिक शोषण करने का आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** हिर्री निवासी 23 वर्षीय युवती से उसके आशिक ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा है और बहला-फुसला कर उससे साढ़े 5 लाख रूपए भी ऐंठ लिए। युवती की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अपराध दर्ज आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धनसाय जांगड़े उर्फ विक्रम सारंगगढ़ का निवासी है और शहर में रहकर प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। आरोपी युवक ने हिर्री निवासी 23 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। इस दौरान आरोपी ने युवती से साढ़े 5 लाख रूपए ऐंठ लिए। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 69 और 376 के अंतर्गत मामला दर्ज किया है।

### ढाबा संचालक ने युवक को पीटा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** कोनी क्षेत्र के काके द ढाबा के मालिक ने सुबह 4 बजे चाय मांगने वाले युवक और उसके दोस्त की बेरहमी से पिटाई कर दी। युवक ने इस घटना की शिकायत कोनी थाने में दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार राहुल तंबोली पिता हरिश तंबोली होटल मैनेजमेंट का पढ़ाई कर रहा है। शुक्रवार को युवक और उसका साथ सत्यम द्विवेदी, मदन मोहन सुबह 4 बजे कोनी के तुर्काडीह स्थित काके दा ढाबा पहुंचें। इस दौरान युवकों ने ढाबा संचालक से चाय पिलाने की मांग की। इतने में संचालक आग बबूला हो गया और युवकों को गाली गलौज करने लगा। युवकों ने इसका विरोध किया, संचालक ने झापड़ और पीवीसी पाइप से सत्यम द्विवेदी व राहुल तंबोली को जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। घटना की शिकायत कोनी थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्रधान आरक्षक की तबीयत बिगड़ी

**बिलासपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ प्रधान आरक्षक की तबीयत बिगड़ने के कारण पुलिस ने उन्हें सिम्स में भर्ती कराया, इस दौरान



हालत में सुधार नहीं होने पर परिजनों के द्वारा उन्हें व्यापार विहार स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया कि संतोष अवस्थी एसपी कार्यालय में पदस्थ हैं, उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई थी, इस दौरान सूचना मिलने पर पुलिस कर्मियों के द्वारा उन्हें भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

हरिभूमि

पाठकों के लिए माह फरवरी 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 28 दिन | 5.00 | 140.00 |
| 28 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह फरवरी 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मार्च 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

#### आत्मानंद तिलक नगर स्कूल का मामला, बच्चों की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम

# 36 बच्चे बोर्ड परीक्षा से वंचित, दिन भर हंगामे के बाद अब प्राइवेट के तौर पर होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कम उपस्थिति को लेकर आत्मानंद तिलक नगर स्कूल के 36 बच्चों को बोर्ड परीक्षा से वंचित कर दिया गया। इसमें बारहवीं साइंस के 26 बच्चे तो 10 वीं क्लास के 10 बच्चे शामिल हैं। परीक्षा से एक दिन पहले लिए गए इस फैसले बाद हंगामा मच गया। अभिभावकों ने कलेक्टोरेट से लेकर शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा मंडल के आफिस तक घेराव किया। आनन फानन में शिक्षा विभाग ने रायपुर मंत्रालय में पत्राचार किया और सहायक संचालक को भेजा गया। बच्चों के भविष्य को देखते हुए माशिमं ने फिलहाल सभी 36 बच्चों को प्राइवेट परीक्षार्थी के तौर पर परीक्षा में बैठने की अनुमति दी है। हालांकि शिक्षा विभाग का कहना है कि जल्द ही इन बच्चों को नियमित परीक्षार्थी के तौर पर मान्य कर लिया जाएगा।

- अभिभावकों ने कलेक्टोरेट से लेकर शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा मंडल का घेराव किया

आत्मानंद तिलक नगर स्कूल के 36 बच्चों को बोर्ड परीक्षा में बैठने से वंचित के मामले ने बिलासपुर से लेकर रायपुर तक हंगामा मचा रहा है। अभिभावकों के मुताबिक एक मार्च से शुरू होने वाली परीक्षा के एक दिन पहले यह आदेश जारी किया गया और परीक्षा के लिए अपात्र घोषित कर दिया गया। शार्ट अटेंडेंस का हवाला देते हुए 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले बच्चों के अभिभावकों के वॉट्स एप पर मैसेज कर सूचना दे दी गई। सूचना मिलते ही छात्र-छात्राएं अभिभावक सीधे स्कूल पहुंच गए। वहां से कोई जवाब नहीं मिला तो शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा मंडल के संभागीय आफिस पहुंचकर अधिकारियों से गुहार लगाई गई। इसके बाद उप मुख्यमंत्री अरुण साव और नगर विधायक अमर अग्रवाल को भी परेशानी बताई गई। अभिभावकों का कहना था कि उपस्थिति कम थी तो प्रवेश पत्र जारी ही नहीं करना था। अभिभावकों को इस बारे में कोई सूचना नहीं दी गई और सीधे बच्चों की लिस्ट माशिमं भेज दी गई।



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने पहुंचे आत्मानंद स्कूल के छात्र-छात्राएं।

### स्कूल पहुंचकर व्यवस्था संभालेंगे अधिकारी

36 बच्चों को परीक्षा से बाहर किए जाने की जानकारी मिलते ही जिला शिक्षा विभाग सक्रिय हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी ने इस मामले में रायपुर के माध्यमिक शिक्षा मंडल के अधिकारियों से बात की। लिखित में पत्राचार करते हुए सहायक संचालक स्तर के अधिकारी को रायपुर भेजा गया। बच्चों के भविष्य का हवाला देते हुए परीक्षा में शामिल करने की अनुमति मांगी गई। माशिमं ने भी बच्चों और अभिभावकों की बात को ध्यान में रखते हुए फिलहाल सभी 36 छात्रों को प्राइवेट परीक्षार्थी के तौर पर परीक्षा में बैठने की अनुमति दी है। जिला शिक्षा विभाग ने सभी बच्चों के अभिभावकों को फोन के माध्यम से इसकी सूचना दे दी है। इसके साथ ही कोई परेशानी ना हो इसे देखते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारी शनिवार को परीक्षा के पहले दिन स्कूल पहुंचकर व्यवस्था संभालेंगे।

### एडमिट कार्ड वापस करने पर मचा हंगामा

स्वामी आत्मानन्द तिलक नगर स्कूल के इन बच्चों का कहना था कि उन्हें एक सप्ताह पूर्व प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया।

परीक्षा से एक दिन पहले रात 10:30 बजे उनके मोबाइल पर मेसेज आया कि शार्ट अटेंडेंस के कारण उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया गया है। सभी छात्रों को एडमिट कार्ड वापस करने और स्कूल में जमा करने का फरमान भी जारी कर दिया गया। इसके बाद हंगामा मच गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्टोरेट का घेराव किया गया। जिला पंचायत के सीईओ सन्दीप अग्रवाल और अतिरिक्त कलेक्टर शिव कुमार बेनर्जी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। एडीएम श्री बेनर्जी ने बताया कि फिलहाल विद्यार्थियों को प्राइवेट परीक्षा देने की पात्रता होगी। उत्तेजित विद्यार्थियों और छात्र नेताओं ने उनसे सवाल किया कि जब एक सप्ताह पहले एडमिट कार्ड आ गया और विद्यार्थियों ने साल भर नियमित पढ़ाई की तो फिर प्राइवेट परीक्षा क्यों देंगे। एडीएम के नियमित करने के आश्वासन के बाद छात्र शांत हुए।

### उपस्थिति ठीक करने फरवरी में एक्स्ट्रा क्लास

इधर इस मामले में स्कूल मैनेजमेंट का कहना है कि जो भी कार्रवाई हुई है वो नियम अनुसार की गई है। स्कूल की प्राचार्या श्रीमती संयोगिता सिंह के मुताबिक माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर की ओर से क्लास में कम उपस्थिति वाले छात्रों की लिस्ट मांगी गई थी। स्कूल की ओर से लिस्ट भेजे जाने के बाद जो भी कार्रवाई हुई है वो रायपुर से हुई है। कम उपस्थिति के मामले में पहले भी छात्रों और उनके अभिभावकों को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। दूसरी ओर अभिभावकों का कहना है कि कोई भी सूचना लिखित तौर पर नहीं दी गई। एक बार मौखिक तौर पर बताया गया तो सभी बच्चों को पूरे फरवरी महीना स्कूल भेजा गया। एक्स्ट्रा क्लास भी लगाई गई। इसके बाद भी अपात्र करना गलत है। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

### जारी किया गया है नोटिस

बच्चों के भविष्य को देखते हुए माशिमं ने फिलहाल सभी 36 बच्चों को प्राइवेट परीक्षार्थी के तौर पर परीक्षा में बैठने की अनुमति दी है। जल्द ही इन बच्चों को नियमित परीक्षार्थी के तौर पर मान्य कर लिया जाएगा इस तरह की कोशिश जारी है। लापरवाही के मामले में सेजेस तिलकनगर स्कूल के प्राचार्य और परीक्षा प्रभारी को नोटिस जारी किया गया है। इस पूरे मामले में इन दोनों अधिकारियों से साफ तौर पर चूक हुई है।

**- अनिल तिवारी**
जिला शिक्षा अधिकारी

#### सिविल डिफेंस ने अपनी गाड़ी से पहुंचाया सिम्स

# चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में चली गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने के चक्कर में यात्री का पैर फिसला और वे ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच नीचे रेल लाइन पर चले गए। ट्रेन के पहिए के नीचे आते ही यात्री के दोनों पैर कट गए। ट्रेन को रोककर उन्हें बाहर निकाला गया। सूचना देने के बावजूद एंबुलेंस के समय पर नहीं पहुंचने पर सिविल डिफेंस के स्टाफ ने घायल यात्री को उपचार के लिए सिम्स हास्पिटल पहुंचाया, जहां उपचार शुरु होने से पहले ही उनकी मौत हो गई।



- ट्रेन के नीचे ही दोनों पैर कटे

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह योगनगरी ऋषिकेश हरिद्वार से पुरी जाने वाली 18478 उत्कल एक्सप्रेस प्लेटफार्म नम्बर एक पर पहुंची थी। इस ट्रेन के एसी कोच में हिल व्यू कालोनी न्यू सुमन होटल के पास डिमना जिला जमशेदपुर झारखंड निवासी जगदीश मिश्रा पिता गिरिजा शंकर मिश्रा 71 साल अपने परिवार सहित आगरा से टाटा तक सफर कर रहे थे। ट्रेन के स्टेशन में रुकते ही वे खाने-पीने का सामान लेने के लिए प्लेटफार्म पर उतर गए। सामान लेने में उन्हें विलंब हो गया और सिग्नल मिलते ही उत्कल एक्सप्रेस रायगढ़ की ओर रवाना होने लगी। यात्री जगदीश मिश्रा का कोच आगे निकल गया था, जिसकी वजह से वे दूसरे कोच में सवार होने का प्रयास करने लगे।

कोच में चढ़ने के दौरान सीढ़ी से उनका पैर फिसल गया और वे चलती ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच चले गए। इस दौरान उनका पैर चलती ट्रेन के पहिए के नीचे आ गया, जिसकी वजह से मौके पर ही उनके दोनों पैर शरीर से अलग हो गए। यात्री को नीचे फंसे हुए देख तत्काल चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोककर बीच में फंसे यात्री को निकालने का प्रयास किया गया। जगदीश मिश्रा के दोनों पैर कटने और उनके वजन अधिक होने की वजह से निकालने में काफी परेशानी होने लगी।

वहीं जानकारी मिलते ही स्टेशन के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया में पार्किंग की व्यवस्था संभालने वाले सिविल डिफेंस के स्टाफ भी प्लेटफार्म पर पहुंच गए। किसी तरह से उन्हें बाहर प्लेटफार्म पर निकालने के बाद एंबुलेंस के लिए कॉल किया गया, लेकिन एंबुलेंस के विलंब से पहुंचने की वजह से सिविल डिफेंस के स्टाफ ने अन्य स्टाफ के सहयोग से यात्री जगदीश मिश्रा को अपनी गाड़ी में सवार करने के उपरांत उपचार के लिए सिम्स हास्पिटल में पहुंचाया। सिम्स में पहुंचने के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पीएम के बाद रवाना

यात्री जगदीश मिश्रा उत्कल एक्सप्रेस में सवार होने का प्रयास करने के दौरान नीचे आ गए थे, जिसकी वजह से उनके पैर कट गए। हास्पिटल में उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम कराने के बाद उनका शव टाटा के लिए रवाना कर दिया गया है।

**-बीएन मिश्रा**
प्रभारी, जीआरपी

### खुला हास्पिटल काम का नहीं

जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के प्लेटफार्म नम्बर 1 के कटनी रूट की ओर यात्रियों को सही समय पर उपचार की सुविधा देने के लिए अरपा मेडिसिटी हास्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट खोला गया। यहां दवाई के साथ डॉक्टर की सुविधा भी चौबीस घंटे रखे जाने का आदेश दिया गया है। इसके साथ स्ट्रेचर, व्हील चेयर और अन्य सुविधाएं भी यात्रियों को दी जानी है। दो दिन पहले उत्कल एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक हार्ट पेशेंट को डाक्टर और अन्य मेडिकल सुविधा नहीं मिल पाई और उसकी मौत हो गई थी। इसी तरह का हाल शुक्रवार को भी उत्कल एक्सप्रेस में हुआ, जिनके पैर कटने के बाद उनके लिए स्ट्रेचर और पट्टी बांधने तक के लिए कोई भी डॉक्टर व स्टाफ मौके पर नहीं पहुंचा। इसकी वजह से सिविल डिफेंस के स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर यात्री को हास्पिटल तक पहुंचाने का काम किया।

# बिलासपुर में चोरी, एमपी गिरोह के 4 सदस्यों को रायपुर पुलिस ने पकड़ा

**बिलासपुर।** सकरी क्षेत्र के आसमा सिटी के 3 सूने मकानों में चोरी कर भाग रहे एमपी गिरोह के धार निवासी 4 सदस्यों को पकड़ने में रायपुर पुलिस ने सफलता पाई है। बताया जा रहा है कि पूछताछ में संदेहियों ने बिलासपुर में दर्जन भर सूने मकानों को निशाना बनाने की बात कबूली है। वहीं रायपुर में 15 से अधिक मकानों में लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

ज्ञात हो कि पिछले दिनों सकरी क्षेत्र के आसंमा सिटी के 3 सूने मकानों में चोरों ने जेवरात सहित लाखों रूपए की चोरी की थी। बिलासपुर पुलिस इस मामले में अपराध दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से रायपुर पुलिस ने रायपुर में एमपी गिरोह के धार निवासी 4 लोगों को पकड़ लिया है। इस दौरान संदेहियों ने आसंमा सिटी के 3 मकान सहित बिलासपुर शहर के 8 से 10 सूने मकान में चोरी की बात कबूल की है। वहीं शातिर चोरों ने रायपुर में भी कई घरों को निशाना बनाया है। पुलिस संदेहियों से लगातार कड़ाई से पूछताछ कर चोरी का माल बरामद करने में जुटी हुई है। संदेहियों के पकड़े जाने की खबर मिलते ही बिलासपुर पुलिस भी हरकत में आ चुकी है और संदेहियों से पूछताछ करने रायपुर गई है। संदेहियों से मिली जानकारियों से अन्य चोरियों का भी खुलासा होने की उम्मीद है। खास बात यह है कि पिछले कुछ महीनों से चोरी की वारदात बढ़ चुकी है, हर थाने में लगातार चोरियों की रिपोर्ट दर्ज की गई है। इस दौरान चोरों ने आंतक मचाते हुए सूने मकानों को ही निशाना बनाया है। दर्जन भर चोरी होने के बाद भी बिलासपुर पुलिस चोरों पर हाथ नहीं डाल सकी है, लेकिन राजधानी की पुलिस ने चोरों को बाहर निकलते ही धर दबोचा है। इससे बिलासपुर पुलिस के काम करने के तरीके पर भी सवाल उठने लगे है।

### एसीसीयू से हो रही चूक

कुछ समय पहले ही एसपी रजनेश सिंह ने भारी भरकम एसीसीयू टीम के कार्यप्रणाली पर उंगली उठाते हुए काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को आड़े हाथो लिया था और हिदायत दी थी, लेकिन इसके बावजूद अधिकारियों पर हिदायत का असर नहीं हो रहा है और लगातार एसीसीयू से बड़ी चूक हो रही है। इसकी का नतीजा है कि शहर में चोरी की वारदात कर आरोपी फरार हो रहे है। शहर के चोरियों के संबंध में चोरों की पड़ताल करने में बिलासपुर पुलिस पीछे रह गई है जबकि तकनीकी साक्ष्य के आधार पर रायपुर पुलिस ने चोरों को ढूंढ निकाला है। ऐसे में टीम में सर्जरी की जरूरत आ पड़ी है।

# 14 वर्षीय बच्ची को जिला अस्पताल में किया गया भर्ती



सिम्स रिफर किए गए गौरेला-पेंड्रा के मरीज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी में गुरूवार को फाइलेरिया की दवा खाने से 8 बच्चों की तबीयत बिगड़ थी, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया था, शुक्रवार को उनमें से 14 वर्षीय एक बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

सीएमएचओ डॉ प्रमोद तिवारी ने बताया कि बच्ची सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दोबार उपचार के लिए पहुंची थी, इस दौरान उसके उल्टी और पेट दर्द की शिकायत थी। स्वास्थ्य विभाग ने बच्ची के परिजनों को उसे भर्ती कराने का सुझाव दिया। शुक्रवार को बच्ची को जिला अस्पताल लाया गया, इस दौरान डाक्टरों ने प्रारंभिक इलाज शुरू कर दिया है, शाम तक बच्चे की हालत में सुधार देखा गया है। अधिकारी ने बताया कि शनिवार को बच्ची को छुट्टी दी जाएगी।

# नाली का टूटा चेंबर, लोग हो रहे घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महामाया नगर की नाली का चेंबर टूटने से लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। लोग आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। शाम ढलते ही स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।

शहर और गलियों में सड़क की मरम्मत के साथ-साथ जल निकासी के लिए नाली का निर्माण कराया गया है। साथ ही नालियों को ढकने के लिए सीमेंट के चेंबर रखा गया है।

महामाया नगर में पिछले दिनों भारी वाहन के पहिए से दबकर नाली का चेंबर टूट गया था। मोड़ में चेंबर टूटने के कारण आए दिन वाहन चालक घायल हो रहे हैं। जिसकी शिकायत वार्डवासियों ने निगम के अधिकारियों को कर चुके हैं। इसके बावजूद चेंबर का बदला नहीं गया है। लोग आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।



महामाया नगर के नाली का टूटा चेंबर।

# फुट पेट्रोलिंग में एटीआर प्रथम

**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिजर्व ने एक बार फिर मध्य भारतीय टाइगर रिजर्वों के बीच फुट पेट्रोलिंग तीव्रता के मामले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। एटीआर में लगातार शीर्ष स्थान पर रहा है और गश्त तीव्रता के मामले में 'ग्रीन ज़ोन' में बना हुआ है, जो इसकी प्रभावी संरक्षण रणनीतियों को दर्शाता है।

यह आंकड़े एम-स्ट्रीपेस ऐप आधारित गश्त डेटा पर आधारित हैं, जो मध्य भारतीय टाइगर रिजर्वों के प्रदर्शन समीक्षा के तहत तैयार किए गए हैं। एम-स्ट्रीपेस एक वैज्ञानिक प्रणाली है, जिसका उपयोग बाघ संरक्षण और गश्त की निगरानी के लिए किया जाता है। फुट पेट्रोलिंग वन संरक्षण और बाघों की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे अवैध शिकार, अतिक्रमण और अन्य गैर-कानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाता है। एटीआर प्रबंधन द्वारा गश्ती दलों की नियमित निगरानी, अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के कारण यह उपलब्धि हासिल हुई है।

अचानकमार टाइगर रिजर्व के क्षेत्र निदेशक मनोज पांडे ने इस अवसर पर वन विभाग, गश्ती दल और स्थानीय समुदायों को बधाई देते हुए कहा, यह सफलता हमारे वन कर्मियों के समर्पण और अथक प्रयासों का प्रमाण है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यकता हैं
हरिभूमि कार्यालय में रात्रिकालीन कार्य करने के लिये चपरासी की आवश्यकता है।
इच्छुक युवक आवेदन पत्र के साथ संपर्क करें:-
हरिभूमि
रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छ.ग.)

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक,
यात्रा दिनांक: 16 मार्च 2025, 09 अप्रैल 2025, 08 मई 2025, 04 जून 2025, 11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री,
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025, 09 जून से 17 जून 2025
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

## खबर संक्षेप

### नर्मदेश्वर महादेव का रात्रि कालीन महारुद्राभिषेक



**करगीरोड कोटा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव हनुमान मंदिर नाका में नर्मदेश्वर महादेव का रात्रि कालीन चार पहर का महारुद्राभिषेक किया गया। मुख्य पुजारी गोलू महराज ने बताया कि भगवान शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। अर्थात धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, चतुर्थ पुरुषार्थ की कामना से पूजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर मनीष मिश्रा, अभिषेक गुप्ता, अंकित गुप्ता, राकेश गुप्ता, हर्ष गुप्ता, रघुनाथ सिंह, मिंटू गुप्ता, विनोद श्रीवास, दिलीप रजक, मल्लू गुप्ता ,सुशील यादव, राम कुमार चंद्राकर ,ऋषी साहू ,पियूष मिश्रा, सोमदत्त गुप्ता, लल्लू साहू ,कान्ति सोनी, राकेश मुक्कू गुप्ता ,अनिल साहू, आदि भक्त गण मौजूद रहे।

### महाकाल शोभायात्रा में जबलपुर की टीम ने दी शानदार झांकी की प्रस्तुति



**लोरमी।** महाशिवरात्रि पर नगर के शिवघाट में भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना कर अभिषेक किया गया। यहां सुबह 4 बजे से रात तक दर्शन के लिए लोगों की कतार लगी रही। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में नगर के महाकाल सेना के द्वारा महाकाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा मानस मंच स्थल से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग, मुंगेली चैक, फव्वारा चौक, महामाया रोड, राजाबाड़ा, ब्राम्हणपारा से होते हुए नगर के पवित्र देव स्थल शिवघाट पहुंची। शोभायात्रा में विशेष रूप से जबलपुर से आए झांकी ग्रुप के द्वारा आर्कषक झांकी की प्रस्तुति दी गई। साथ ही महाकाल दरबार झांकी व धुमाल बाजा के साथ आतिशबाजी करते हुए शोभायात्रा निकाली गई। शिवघाट शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण कर शोभायात्रा का समापन किया गया। नगर में प्रथम वर्ष इस भव्य आयोजन की सभी ने सराहना की। पूरे आयोजन को सफल बनाने महाकाल सेना के समस्त सदस्य जनप्रतिनिधि, व्यपारी, पत्रकार व नगरवासी उपस्थित रहे।

### रोहित ने की मृतक के परिवार की आर्थिक सहायता



**मुंगेली।** सुभाष वार्ड में रहने वाले विनोद सेन के आकस्मिक निधन के बाद उनके परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। नपा अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने उनके घर जाकर उनकी पत्नी भगवती सेन को 11 हजार रुपए का चेक सौंपा। इस मौके पर रोहित शुक्ला ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि समाज के हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह मुश्किल समय में एक-दूसरे का सहारा बने। उन्होंने कहा हमारी प्राथमिकता केवल विकास कार्य नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की मदद करना भी है।स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की। विनोद सेन के परिवार ने नगर उनका आभार व्यक्त किया।

### कुड़कई से जनपद सदस्य चुनी गईं प्रभा, 1234 मतों से जीता चुनाव

**पेंड्रा।** जनपद पंचायत पेंड्रा के क्षेत्र क्रमांक 3 पतगंवा कुड़कई से जनपद सदस्य प्रत्याशी प्रभा रूपेश चौधरी ने 1234 मतों से भारी भरकम विजय प्राप्त की। प्रभा रूपेश चौधरी को कुल 2043 वोट प्राप्त हुए, वहीं निकटतम प्रत्याशी सरोजनी नवल लहरे को 759 वोट मिले। परिणाम आने के बाद प्रभा रूपेश चौधरी ने समस्त ग्रामवासियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे और अपने क्षेत्र के विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।



### व्याख्याता संघ ने की केंद्र के समान महंगाई भत्ता व एरियर्स की मांग

**तखतपुर।** केंद्र के समान देय तिथि अनुसार महंगाई भत्ता तथा बकाया एरियर्स देने एवं अवकाश नगदीकरण 300 दिन करने सहित अन्य मांगों को बजट में शामिल करने की मांग छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ ने की है। व्याख्याता संघ के प्रांतीय प्रवक्ता जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों को महंगाई भत्ता केंद्रीय तिथि से मिले यह सबसे प्रमुख मांग हैं। महंगाई भत्ते के लिए कई बार पूर्व में धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया था। यह कर्मचारियों का हक है फिर भी इसके लिए हड़ताल करना पड़ता था। लेकिन अब सबको भरोसा है कि उनकी मांगें जरूर पूरी होंगी। कर्मचारियों की लम्बित समस्याओं के निराकरण के लिए बजट में प्रावधान किया जाए जिसमें केंद्र के समान गृहभाड़ा भत्ता स्वीकृत करने, जन घोषणा पत्र अनुसार चार स्तरीय समयमान, सभी कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर करने, लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूरा करने, संविदा, दैनिक, अनियमित कर्मचारियों के रिक्त पदों को नियमित करने के लिए बजट में प्रावधान किया जाए ताकि कर्मचारियों की लम्बित मांग पूरी हो सके। कर्मचारियों के स्वास्थ्य के इलाज के लिए कैसलेस सुविधा प्रारम्भ कराने के लिए प्रावधान किए जाए ताकि कर्मचारी और उनके परिजनों का आसानी से इलाज हो सके एवं उनके भुगतान के लिए कोई असुविधा न हो।



### कलेक्टर ने बच्चों को दवा खिलाकर की फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत

# 3 से 10 मार्च तक कार्यकर्ता घर-घर जाकर खिलाएंगे दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत हाथीपांव (फाइलेरिया) रोग से बचाव के लिए 13 मार्च तक सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का शुभारंभ कलेक्टर राहुल देव ने जिला कलेक्टोरेट परिसर में स्वामी आत्मानंद स्कूल के छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया एवं कृमिनाशक दवा खिलाकर की।

इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय भी उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभात चंद्र प्रभाकर ने बताया कि इस अभियान के तहत 2 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों को एल्बेन्डाजोल, डीईसी और आइवरमेक्टिन दवा दी जाएगी। हालांकि गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से पीड़ति व्यक्तियों को इससे अलग रखा जाएगा। पहले चरण में 2 मार्च तक आंगनबाड़ी, स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में बूथ लगाकर दवा सेवन कराया जाएगा। दूसरे चरण में 3 से 10 मार्च तक स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर दवा सेवन सुनिश्चित करेंगे। तीसरा चरण में 11 से 13 मार्च तक मॉप-अप अभियान के तहत छूटे हुए लोगों को दवा दी जाएगी। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरिश कुर्रे, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ रविशंकर प्रसाद देवांगन, टीकाकरण नोडल अधिकारी डॉ कमलेश खैरवार ने भी स्वामी आत्मानंद स्कूल में छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया और कृमिनाशक दवा खिलाई और जिलेवासियों से समय पर दवा सेवन कर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य डॉ आईपी यादव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



दवा वितरण करते चिकित्सक।

### नपं अध्यक्ष सरोज ने की फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की शुरुआत




**करगीरोड कोटा।** राष्ट्रीय फालेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामुहिक दवा सेवन कार्यक्रम अतंर्गत स्कूलो एवं आंगनबाड़ी केंद्रो मे दवा सेवन कराया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय कन्या विद्यालय में विखं स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को फालेरिया बीमारी एवं रोकथाम के सबंध मे जानकारी दी गई एवं बच्चों को दवा का सेवन कराया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू ने कार्यक्रम का शुभांरभ कर सभी को सामूहिक रूप से दवा का सेवन करने की अपील की। फाइलेरिया सामूहिक दवा सेवन हेतु 527 टीमें बनाई गई हैं, जिनके द्वारा विकासखंड की पूर्ण जनसंख्या को दवा का सेवन कराया जाएगा। कार्यक्रम के तहत पहले चार दिन 27 फरवरी से 2 मार्च तक स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रो मे बूथ बना कर दवा का सेवन कराया जाएगा। उसके पश्चात 3 मार्च से 10 मार्च तक घर-घर जा कर टीमें दवा का सेवन कराएंगी। 11 मार्च से 13 मार्च तक छुटे हुए व्यक्तियों को दवा का सेवन कराया जाएगा। उक्त कार्यक्रम मे एल्बेडाजॉल, डीसी, आईवरमेक्टीन कुल तीन दवा स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यक्रम में विकासखंड के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ निखिलेश गुप्ता, बीपीएम श्वेता सिंह, मलेरिया सुपरवाईजर अतुल सिंह एवं कन्या शाला के शिक्षक व स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पार्षद हूरा ने लोगों को खिलाई दवा

**तखतपुर।** फाइलेरिया उन्नमूलन कार्यक्रम के तहत वार्ड क्रमांक 9 में लोगों को पार्षद परमजीत लवली हूरा ने फाईलेरिया की दवा खिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि फाईलेरिया एक ऐसी बिमारी है जिसका यदि समय पर इलाज न कराया जाए तो शारीरिक अंग में असामान्य रूप से सूजन आ जाती है। यदि इस बिमारी को नजरअंदाज कर दिया तो विकलांगता भी हो सकती है। वार्ड क्रमांक 9 में आयोजित इस कार्यक्रम में सरोज देवांगन, नंदनी देवांगन सहित पार्षद अनुपमा अभिषेक पाण्डेय, कोमल ठाकुर, शैलेंद्र निर्मलकर, सुनील जांगड़े, लवली हुरा सहित अन्य पार्षदों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर लोगों को फाइलेरिया रोग की दवा खिलाई।



### सरईपतेरा पहुंची उन्मूलन टीम

**लोरमी।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लोरमी स्वास्थ्य विभाग की टीम संकुल केन्द्र सरईपतेरा के शास शाला सरई पतेरा में दवा सेवा कराने पहुंची। कार्यक्रम में फाइलेरिया के लक्षण और उसके रोकथाम के बारे में डॉक्टरों ने विस्तार से जानकारी दी। साथ ही एल्बेंडाजोल, इवेरमएक्टिन, और डीईसी आदि दवाओं के सेवन के बारे में बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ आरएस आयाम, राकेश मशीह, तोशेर अहमद खान, स्वास्थ्य कार्यकर्ता मीनाक्षी पैकरा, शिक्षिका मीनाक्षी राजपूत, लता राजपूत, रेणुका वैष्णव, रजनी राजपूत, मितानिन स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, संकुल प्रभारी रामगोपाल निषाद और संकुल शैक्षिक समन्वयक प्रेम जायसवाल उपस्थित रहे।



## पार्षदों के साथ नाली की सफाई करने उतरीं धनेश्वरी


नाले की सफाई करतीं नगर पंचायत अध्यक्ष।

**मल्हार।** स्वच्छ भारत स्वच्छ मल्हार की धारणा के साथ नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त अपने पार्षदों के साथ शुक्रवार को मुख्य मार्ग के किनारे नाली की सफाई करने उतर गईं। धनेश्वरी को सफाई करते देख लोगों ने भी उनका साथ दिया।

महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर पंचायत मल्हार में 15 दिवसीय मेले की शुरुआत हुई, जिसमें नगरवासियों और बाहर से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही। ऐसे में नगर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखना एक बड़ी चुनौती है। इसी जिम्मेदारी को समझते हुए नगर पंचायत की अध्यक्ष धनेश्वरी धनेश्वर कैवर्त ने अपने पार्षदों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जब उन्होंने मेला परिसर से लगी बस स्टैंड मुख्य मार्ग की नालियों में गंदा पानी जमा देखा तो बिना किसी झिझक के वे खुद नाली में उतर गईं और सफाई में जुट गईं। उनके साथ पार्षद आशुतोष वर्मा, सुशील राजा चौबे, कमलेश सिंह, आशुतोष वर्मा, मनराखन केवर्त, पूर्व पार्षद शमशेर सिंह, रवि कैवर्त पूर्व मंडल महामंत्री राजकुमार वर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, राकेश सिंह, अजित सिंह, जय प्रकाश पंकज साहू और नगर पंचायत के सीएमओ मनीष सिंह सहित कई कर्मचारी भी सफाई अभियान में शामिल हो गए। सभी ने घंटों मेहनत कर नालियों की सफाई की, जिससे सड़क पर जलभराव की समस्या से राहत मिली।

## उप तहसील बना चकरभाठा, 29 पंचायतों के लोगों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव की मंशा अनुरूप जिले में प्रशासनिक सुविधा बढ़ाने और ग्रामीणों के राजस्व कार्यों को सुगम बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर राहुल देव ने ग्राम चकरभाठा को उप तहसील घोषित किया है।

इस फैसले से 29 ग्राम पंचायतों के 62 गांवों के हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। अब ग्रामीणों को नामांतरण, भूअधिकार पत्र, विभाजन, खसरा–खतौनी और अन्य राजस्व कार्यों के लिए जिला मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे लोगों केसमय और संसाधनों की बचत होगी। कलेक्टर ने एसडीएम मुंगेली को निर्देशित किया है कि ग्राम चकरभाठा में उप तहसील संचालन के लिए उपलब्ध अमलों से अस्थायी व्यवस्था करते हुए उप तहसील का संचालन जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए और कार्यप्रणाली प्रारंभ की जाए। चकरभाठा उप तहसील के अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 29, 30, 31, 32, 33, 35, 36, 37, 38, 39 और 40 के राजस्व कार्यों का संपादन किया जाएगा। इसमें आरआई सर्किल टेमरी के 10 पटवारी हल्के और आरआई सर्किल मुंगेली ग्रामीण का 01 पटवारी हल्का को शामिल किया गया है। ग्राम चकरभाठा को उप तहसील बनाए जाने से आसपास के किसानों और निवासियों को भूअधिकार पत्र, नामांतरण, विभाजन, खसरा–खतौनी एवं अन्य राजस्व कार्यों की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही मिलेगी। इसके अलावा, राजस्व मामलों की सुनवाई भी अब उप तहसील में ही होगी, जिससे प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी और लोगों को बार–बार जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। ग्राम चकरभाठा को उप तहसील घोषित करने के लिए मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने विशेष प्रयास किए थे। विधायक के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप यह निर्णय लिया गया, जिससे क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के इस निर्णय का स्वागत किया है और इसे स्थानीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

- ग्रामीणों को नामांतरण, भूअधिकार पत्र, विभाजन, खसरा–खतौनी और अन्य राजस्व कार्यों के लिए जिला मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी

## आत्मानंद स्कूल में क्विज व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

स्वामी आत्मानंद विद्यालय दाऊपारा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 के उपलक्ष में विकास खंड स्तरीय क्विज व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विखं मुंगेली के 9 शालाओं के 26 चयनित प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया जिसमें क्विज में 18 तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 9 प्रतिभागियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने विज्ञान से संबंधित ज्वलंत समस्याओं पर पोस्टर बनाकर प्रदर्शित किया वहीं क्विज के प्रतिभागियों से उनकी वैज्ञानिक अभिरुचि से संबंधित तात्कालिक प्रश्न पूछे गए।



कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ आईपी यादव ने कार्यक्रम पश्चात परिणाम की घोषणा कर शुभकामनाएं देते हुए दोनों विधाओं में प्रथम-द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को मोमेंटो प्रदान किया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नागेन्द्र टंडन, आयुषी उपाध्याय, आत्मानंद विद्यालय, द्वितीय स्थान अर्चना देवांगन, ममता साहू, रैम्बो मेमोरियल स्कूल मुंगेली व तृतीय स्थान श्रुति बर्मन, कल्पना साहू, बीआर अम्बेडकर विद्यालय ने प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रेया पाण्डेय, एसएलएस. एकेडमिक स्कूल, द्वितीय स्थान अर्पिता साहू, जेसीस पब्लिक स्कूल मुंगेली व तृतीय स्थान श्वेता लहरेआत्मानंद विद्यालय दाऊपारा ने प्राप्त किया। अंत में दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को दिनांक शुक्रवार को को इसी शाला में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी व्याख्याता पारूल ओझा, राहुल यादव, वरिष्ठ व्याख्याता महादेव यादव, वंदिता गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता, राहुल वर्मा, व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद साहू, कार्यालय लिपिक बंशीलाल कुम्हार सहित शाला सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सरपंच बनने पर निर्मला ने जताया लोगों का आभार

**तखतपुर।** ग्राम पंचायत दाऊकापा से सरपंच निर्वाचित होने पर निर्मला गांधी के समर्थकों ने विजय जुलूस निकाल कर ग्रमीणों का धन्यवाद किया। गांव में जगह-जगह लोगों ने सरपंच का जोशीला स्वागत किया। सरपंच निर्मला गांधी ने कहा कि आप सभी ग्रामीणों ने मुझे अपना आशीर्वाद देकर सरपंच बनाया है तो मेरा भी दायित्व बनता है कि मैं इस गांव के विकास के लिए कोई कसर न रखूं। सबके प्रयास से दाऊकापा को एक विकसित पंचायत बनाया जाएगा। इस गांव में हर बुनियादी सुविधा आम लोगों को मिले इस बात का विशेष ख्याल रखा जाएगा। ग्राम पंचायत की योजनाएं अब पंचायत में नही बल्कि सभी के सहयोग से बनाई जाएंगी। जो जनहित की बातें होंगी उन पर तत्काल काम कराया जाएगा। इस विजय जुलूस में मनीष कोल, अमिताफ शर्मा, दीपक शर्मा, संजय कोल, गनेशु, तेजनारायण, जला कोल, नंदनी कोल, मनोज, अनिता, पूजा, उमा सहित अन्य उपस्थित रहे।



## एसडीएम ने किया कृषि भूमि पहचान पत्र निर्माण शिविर का निरीक्षण



शिविर में निरीक्षण के लिए पहुंचे अफसर।

**लोरमी।** कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार एग्रीस्टेक परियोजना के तहत कृषि भूमि पहचान पत्र तैयार किए जा रहा हैं। इसी क्रम में लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी एवं नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश सोनी ने ग्राम अमलडीही, सारीसताल और झाफल झिरवन में आयोजित शिविरों का निरीक्षण कर कृषि भूमि पहचान पत्र निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों को सभी पात्र कृषकों के पहचान पत्र शीघ्रता से बनाने के निर्देश दिए। एसडीएम अजीत पुजारी ने बताया कि कृषक पंजीयन प्रणाली पारदर्शिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ कृषि अनुदान, बीमा और अन्य सहायता योजनाओं की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। यह प्रणाली किसानों के लिए एक डिजिटल डेटाबेस तैयार करेगी, जिससे उनके कृषि अभिलेखों का डिजिटलीकरण होगा और बार-बार केवाईसी कराने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। गौरतलब है कि इस परियोजना का उद्देश्य पूरे देश में कृषि भू-स्वामियों का एक व्यापक और एकीकृत पंजीकरण तैयार करना है, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र किसानों तक पहुंच सके। कृषक अपना पंजीयन स्वयं, स्थानीय युवा, सीएससी या पटवारी के माध्यम से करा सकते हैं। कृषक बी1 खसरा, ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर के साथ अपनी कृषि भूमि का डिजिटल पहचान पत्र बनवा सकते हैं।

### लापरवाही के कारण अस्पतालों में दिख रही अव्यवस्था

# उप स्वास्थ्य केंद्र केशरुवाडीह में लटका ताला, मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने शासन की ओर से स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना कराई गई। लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही के कारण अनेक उप स्वास्थ्य केंद्रों में अव्यवस्था देखने को मिल रही है।

स्वास्थ्य कर्मियों की अनुपस्थिति के कारण ग्रमीणों को मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता एवं लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला उप स्वास्थ्य केंद्र केशरुवाडीह से सामने आया है जहां स्टाफ की गैर मौजूदगी में अस्पताल में ताला लटका हुआ है एवं आने वाले मरीज परेशान हो रहे हैं।


अस्पताल के गेट पर लगा ताला।

**जानकारी ली जाएगी**

उप स्वास्थ्य केंद्र नहीं खुलने की जानकारी अभी मिली है। इस संबंध में संबंधित कर्मचारियों से जानकारी ली जाएगी।

- ज्वाला प्रसाद कौशिक, बीएमओ मुंगेली

#### उपस्वास्थ्य केंद्र परिसर में गंदगी

उपस्वास्थ्य केंद्र के कई दिनों से ना खुलने की वजह से उपस्वास्थ्य केंद्र परिसर में चारों ओर गंदगी ही गंदगी दिखाई दे रही है। उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंची वृद्ध महिला शांति साहू ने बताया कि उनको बीपी, शुगर के समस्या है एवं उन्हें रोजाना दवा की खुराक लेनी पड़ती है। इसके लिए कई दिनों से वे अस्पताल का चक्कर काट रही हैं लेकिन अस्पताल बंद रहने के कारण उन्हें बिना दवा के ही वापस जाना पड़ रहा है। उप स्वास्थ्य केंद्र के पास में ही संचालित आंगनबाड़ी केंद्र के कर्मचारियों ने बताया कि यहां के डॉक्टर किसी प्रशिक्षण में गए होंगे, इसलिए कुछ दिनों से अस्पताल नहीं खुला है। सरपंच भाग्यलक्ष्मी धनलाल टंडन ने बताया कि किन कारणों से उप स्वास्थ्य केंद्र नहीं खुला है इसकी जानकारी नहीं मिली है। इस विषय पर जानकारी ली जाएगी।



## 'यादव जी के मधु जी' पर लगेंगे ठहाके, 28 को होगी रिलीज

**लोरमी।** अपना सिनेमा की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ी कॉमेडी फिल्म 'यादव जी के मधु जी' 28 फरवरी को रिलीज हो रही है, जिसमें लोरमी निवासी रोहित वैष्णव मुख्य अभिनेता का किरदार अदा कर रहे हैं। रोहित वैष्णव का मुख्य अभिनेता बननो लोरमी सहित छत्तीसगढ़ के लिए भी गर्व की बात है।

रोहित वैष्णव ने 10 साल मुंबई में रहकर संघर्ष किया। इन्होने वहां फिल्मी जगत के डायरेक्टर व प्रोड्यूसर्स के साथ काम किया। वे विगत 8 वर्षों से भोपाल में रंगमंच से जुड़े रहे। बचपन से ही कला के क्षेत्र में इनकी रुचि रही थी। रोहित की प्रारंभिक शिक्षा लोरमी से हुई है। उन्होंने बताया कि यादव जी के मधु जी भयंकर कॉमेडी फिल्म है। इसमें फिल्म निर्देशक ने पूरी ताकत झोंक दी है, साथ ही बॉम्बे के तकनीशियनों और कलाकारों का टीम वर्क देखने लायक है। उन्होंने कहा कि मैंने यह फिल्म देखी है, यह सुपर होगी। उन्होंने बताया कि फिल्म अच्छी है, राइटर ने कमाल की कहानी लिखी है। फिल्म की प्रोड्यूसर शिवाली सैनी बिलासपुर में पली बढ़ी और मुंबई में जॉब कर रही थीं। उन्होंने बताया कि मैं मुंबई में आर्ट डायरेक्टर के अंडर में सेट डिजाइनर रही। साथ ही प्रोडक्शन असिस्टेंट का भी काम किया है। मुंबई के मामी फिल्म फेस्टिवल में शामिल होने का मौका मिला।

